LKS
RNI NO.: DELHIN / 2008 / 23928
www.loktantrakishaan.com
दैनिक लोकतंत्र की शान
दिल्ली से प्रकाशित | रविवार 15 मार्च 2026 | लोकतंत्र का स्तंभ

# बंगाल की निर्मम सरकार का अंत होकर रहेगा : मोदी

एजेंसी। कोलकाता



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि अब राज्य के लोगों के दिलों में यह बात छप चुकी है कि बंगाल की "निर्मम सरकार" का अंत होकर रहेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में बदलाव का माहौल बन चुका है और इसे कोई नहीं रोक सकता। प्रधानमंत्री ने कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में भारतीय जनता पार्टी की रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत बंगाली भाषा में लोगों का अभिवादन करते हुए की। उन्होंने कहा, "पश्चिम बंगाल के मेरे प्यारे भाइयों और बहनों, मैं अपने दिल की गहराइयों से आपको हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रिगेड परेड ग्राउंड में उमड़ी विशाल भीड़ इस बात का प्रमाण है कि आज बंगाल क्या सोच रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों का उत्साह और जोश स्पष्ट रूप से दिखाता है कि राज्य में परिवर्तन की इच्छा मजबूत हो चुकी है। मोदी ने कहा कि ब्रिगेड मैदान का इतिहास इस बात का गवाह रहा है कि जब-जब बंगाल ने देश को दिशा दी है, तब-तब यह मैदान बंगाल की आवाज बना है। अंग्रेजी शासन के खिलाफ इसी मैदान से उठी आवाज पूरे देश में क्रांति बन गई थी और अंततः अंग्रेजों के अत्याचार और लूट का अंत हुआ था। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज एक बार फिर इसी मैदान से "नए बंगाल की क्रांति" का बिगुल बज चुका है। बंगाल में बदलाव अब दीवारों पर भी लिखा जा चुका है और लोगों के दिलों में भी दर्ज हो चुका है। उन्होंने कहा कि अब बंगाल से "महाजंगलराज" का खात्मा होगा और राज्य में कानून का राज स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि राज्य के हर कोने से आवाज उठ रही है- "चाई बीजेपी सरकार, अबकी बार। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी ने रैली में आने वाले लोगों को "चोर" कहकर अपमानित किया है। उन्होंने कहा कि असली चोर कौन है, यह बंगाल की जागरूक जनता अच्छी तरह जानती है। मोदी ने कहा कि अपनी सत्ता जाते हुए देखकर राज्य की सरकार बौखला गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि तमाम कोशिशों के बावजूद टीएमसी सरकार लोगों को इस रैली में शामिल होने से नहीं रोक पाई। उन्होंने कहा कि बंगाल में "महाजंगलराज" लाने वालों का काउंटडाउन शुरू हो चुका है और वह दिन दूर नहीं जब राज्य में फिर से कानून का राज स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि जो भी कानून तोड़ेगा या अत्याचार करेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों से हिसाब लिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि परिवर्तन की यह आंधी अब रुकने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए को "महिषासुर मर्दिनी" का आशीर्वाद प्राप्त है और वे महान विभूतियों के सपनों का बंगाल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानन्द, सुभाष चन्द्र बोस, बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय, रवीन्द्रनाथ टैगोर, ईश्वर चन्द्र विद्यासागर, खुदीराम बोस और श्यामा प्रसाद मुखर्जी का उल्लेख करते हुए कहा कि इन महान व्यक्तित्वों ने जिस बंगाल की कल्पना की थी, भाजपा की सरकार उस बंगाल का निर्माण करेगी। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार न तो खुद काम करती है और न ही दूसरों को काम करने देती है। उन्होंने कहा कि राज्य में केंद्र सरकार की कई योजनाएं लागू नहीं हो पा रही हैं। उन्होंने दावा किया कि यदि टीएमसी सरकार हटती है तो हर गरीब को पक्का घर मिलना शुरू हो जाएगा और यह "मोदी की गारंटी" है। मोदी ने कहा कि पहले कांग्रेस, फिर कम्युनिस्ट और अब टीएमसी- इन सभी सरकारों ने राज्य में शासन किया, लेकिन विकास की गति रुकती चली गई।

## प्रधानमंत्री ने कोलकाता में 18,680 करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में लगभग 18,680 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में सड़क, रेलवे और बंदरगाह अवसंरचना से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं, जिनका उद्देश्य पश्चिम बंगाल और पूरे पूर्वी भारत में कनेक्टिविटी मजबूत करना और आर्थिक विकास को गति देना है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज कोलकाता की धरती से पश्चिम बंगाल और पूर्वी भारत के विकास का एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली इन परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण से क्षेत्र में व्यापार, उद्योग और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा तथा लाखों लोगों का जीवन आसान होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि खड़गपुर–मोरग्राम एक्सप्रेसवे के पूरा होने से पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी। इसके साथ ही दुबराजपुर बाईपास तथा कांगशबाती और शिलाबाती नदियों पर बनने वाले बड़े पुलों से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने इन परियोजनाओं के लिए पश्चिम बंगाल और पूर्वी भारत के लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश में रेलवे को आधुनिक बनाने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है और केंद्र सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि पश्चिम बंगाल इस अभियान में पीछे न रहे। उन्होंने कहा कि राज्य में रेलवे अवसंरचना का तेजी से विस्तार किया जा रहा है ताकि यात्रियों और व्यापार दोनों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकारी कार्यक्रम के बाद वह उस खुले मैदान में जाएंगे जहां बड़ी संख्या में बंगाल के लोग एकत्रित हुए हैं और वहां वह जनता से सीधे संवाद करेंगे तथा महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे। सड़क अवसंरचना को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री ने लगभग 16,990 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 420 किलोमीटर से अधिक लंबाई वाली कई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उद्घाटन की गई परियोजनाओं में पश्चिम बंगाल और झारखंड में एनएच-19 तथा पश्चिम बंगाल में एनएच-114 के विभिन्न खंड शामिल हैं। इन परियोजनाओं से सड़क सुरक्षा में सुधार, यात्रा समय में कमी, भीड़भाड़ और प्रदूषण में कमी तथा क्षेत्रीय संपर्क में वृद्धि होने की उम्मीद है। साथ ही पर्यटन को बढ़ावा मिलने और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलने की संभावना है।

## असम के सिलचर में 23,550 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ


एजेंसी। सिलचर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को असम के सिलचर में लगभग 23,550 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने शिलांग-सिलचर हाई-स्पीड कॉरिडोर समेत कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की आधारशिला रखी और कहा कि इन परियोजनाओं से बराक घाटी को पूर्वोत्तर भारत का बड़ा लॉजिस्टिक्स और व्यापारिक केंद्र बनने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने वर्षों तक पूर्वोत्तर की उपेक्षा की और असम के युवाओं को हिंसा एवं आतंकवाद के रास्ते पर धकेला। प्रधानमंत्री ने लगभग 22,860 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 166 किलोमीटर लंबे शिलांग-सिलचर हाई-स्पीड कॉरिडोर का भूमि पूजन किया। यह पूर्वोत्तर भारत का पहला एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड चार-लेन हाई-स्पीड कॉरिडोर होगा। इसके पूरा होने के बाद मेघालय और असम के बीच कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार होगा और गुवाहाटी से सिलचर के बीच यात्रा का समय करीब 8.5 घंटे से घटकर लगभग 5 घंटे रह जाएगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल एक हाई-वे नहीं है, बल्कि दशकों से पूर्वोत्तर के लोगों के लंबे इंतजार का अंत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस कॉरिडोर से सिलचर, मिजोरम, मणिपुर और त्रिपुरा जैसे राज्यों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी। इन राज्यों के जरिए बांग्लादेश और म्यांमार के साथ व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति मिलेगी। इससे किसानों, उद्योगों और पर्यटन क्षेत्र को भी बड़ा लाभ होगा। मोदी ने सिलचर में एनएच-306 पर कैपिटल पॉइंट के पास ट्रंक रोड से रंगिरखारी पॉइंट तक बनने वाले एलिवेटेड कॉरिडोर (चरण-1) का भी भूमि पूजन किया। इस परियोजना से शहर की व्यस्त सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी और मिजोरम, त्रिपुरा तथा मणिपुर जैसे पड़ोसी राज्यों से संपर्क बेहतर होगा। यह परियोजना बराक घाटी के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने करीमगंज जिले के पथारकांडी में एक नए कृषि महाविद्यालय की आधारशिला रखी। यह संस्थान असम में कृषि शिक्षा और अनुसंधान के इको-सिस्टम को मजबूत करेगा और बराक घाटी तथा आसपास के क्षेत्रों के छात्रों को अपने घर के पास ही उच्च गुणवत्ता वाली कृषि शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### रूसी तेल खरीद को लेकर ईरानी विदेश मंत्री का तंज, भारत समेत दुनिया के देशों के सामने गुहार लगा रहा अमेरिका



**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने दावा किया कि अमेरिका अब भारत सहित दुनिया भर के देशों से रूसी कच्चा तेल खरीदने की गुहार लगा रहा है, जबकि पहले उसने रूस से तेल न खरीदने का दबाव डाला था। ईरान के विदेश मंत्री ने रूसी तेल को लेकर अमेरिका के रुख की आलोचना करते हुए एक्स पर साझा किए गए पोस्ट में लिखा, ''ईरान के साथ दो सप्ताह के युद्ध के बाद अमेरिका अब भारत सहित दुनिया से रूसी कच्चा तेल खरीदने की भीख मांग रहा है। ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल के सैन्य अभियान पर यूरोपीय देशों को लेकर अराघची ने कहा कि 'यूरोप ने सोचा था कि ईरान पर अवैध युद्ध का समर्थन करने से उन्हें रूस के खिलाफ अमेरिकी समर्थन मिल जाएगा। यह बहुत दयनीय है। धराघची ने अपनी पोस्ट के साथ फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट साझा की है, जिसमें बताया गया है कि ईरान युद्ध के चलते तेल संकट से रूस हर दिन 150 मिलियन डॉलर यानी लगभग 1389 करोड़ रुपये की अतिरिक्त कमाई कर रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि ईरान ने होर्मुज जलडमरूम बंद कर दिया है। इस रिपोर्ट के अनुसार संघर्ष के शुरुआती 12 दिनों में अनुमान है कि रूस ने तेल निर्यात से अतिरिक्त राजस्व के रूप में 1.3 अरब डॉलर से 1.9 अरब डॉलर तक कमाए हैं। इसमें कहा गया कि मौजूदा कीमतें बनी रहती हैं तो महीने के अंत तक मॉस्को को 3.3 अरब से 5 अरब डॉलर की अतिरिक्त कमाई हो सकती है।

### भारत ने बढ़ाई विदेशियों के वीजा की वैधता, तय समय से ज्यादा रुके तो नहीं लगेगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** ईरान-इजराइल और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध के बीच भारत सरकार ने राहत की घोषणा की है, जिसके तहत प्रभावित विदेशी नागरिकों के लिए सभी प्रकार के वीजा की वैधता 30 दिनों के लिए बढ़ाने की घोषणा की है। अब तय समय सीमा से ज्यादा ठहरने पर कोई जुर्माना नहीं लगेगा। दुबई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार एक्स पर एक पोस्ट के जरिए यह घोषणा की। नियमों में दी गई यह छूट सभी प्रकार के वीजा- नियमित वीजा और ई-वीजा पर लागू है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वीजा विस्तार और जुर्माने की माफी खाड़ी देशों सहित विदेशी नागरिकों पर लागू होगी। दुबई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने कहा है कि सभी प्रकार के वीजा और ई-वीजा जिनकी वैधता समाप्त हो रही है या जल्द ही समाप्त होने वाली है, उन्हें प्रभावित नागरिकों के लिए एक महीने के लिए बढ़ा दिया जाएगा। यह विस्तार विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) द्वारा मामले-दर-मामले के आधार पर दिया जाएगा। प्रभावित विदेशी नागरिकों द्वारा 28 फरवरी, 2026 के बाद तय सीमा से ज्यादा समय तक रहने पर लगने वाले जुर्माने को भी माफ कर दिया है। भारतीय अधिकारियों ने फंसे हुए विदेशी नागरिकों को निकास परमिट और अस्थायी लैंडिंग परमिट में निःशुल्क छूट देने की घोषणा की है। वाणिज्य दूतावास ने आगे घोषणा की कि प्रभावित विदेशियों को निकास परमिट निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे। विदेशियों द्वारा निकास परमिट के लिए आवेदन न करना और वीजा का विस्तार कराना आव्रजन कानून का उल्लंघन नहीं माना जाएगा।

## सोनम वांगचुक पर लगा एनएसए हटाया केंद्र ने तत्काल खत्म की हिरासत



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लद्दाख के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता और इंजीनियर सोनम वांगचुक पर लगाया गया नेशनल सिक्यूरिटी एक्ट (एनएसए) हटाने का फैसला लिया है। गृह मंत्रालय ने शनिवार को जारी आदेश में कहा कि यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू होगा और इसके साथ ही उनकी हिरासत समाप्त कर दी गई है। सरकार ने इस कदम को लद्दाख में जारी गतिरोध को खत्म करने और संवाद का माहौल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया है। गृह मंत्रालय के आधिकारिक बयान के अनुसार, सरकार लद्दाख में शांति, स्थिरता और आपसी विश्वास का वातावरण बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मंत्रालय ने कहा कि यह फैसला सभी हितधारकों के साथ रचनात्मक और सार्थक संवाद को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से लिया गया है। सरकार का मानना है कि इससे लद्दाख की मांगों को लेकर चल रहे विवाद को सुलझाने में मदद मिल सकती है। गौरतलब है कि सोनम वांगचुक पिछले काफी समय से लद्दाख को सिक्स्थ शेड्यूल ऑफ द कांस्टिट्यूशन ऑफ इंडिया के तहत विशेष संवैधानिक संरक्षण देने और क्षेत्र को राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे थे। उनकी गिरफ्तारी के बाद लद्दाख सहित देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन तेज हो गए थे। लद्दाख प्रशासन ने 24 सितंबर 2025 को लेह में हिंसा भड़काने के आरोपों के बाद 26 सितंबर को वांगचुक को एनएसए के तहत हिरासत में लिया था।

## किल्लत से जूझ रहे देश को मिलेगी संजीवनी, ईरान ने भारतीय एलपीजी जहाजों को दिया रास्ता

एजेंसी। नई दिल्ली




भारत में गहराते रसोई गैस संकट के बीच एक बड़ी और राहत भरी कूटनीतिक जीत सामने आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान के बीच हुई उच्च स्तरीय बातचीत के बाद ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में फंसे दो भारतीय ध्वज वाले एलपीजी जहाजों को सुरक्षित गुजरने की अनुमति दे दी है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब भारत में कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति 80 प्रतिशत तक गिर चुकी थी और सिलेंडर की कीमतें 2,300 के पार पहुँचने से रेस्टोरेंट व हॉस्पिटैलिटी सेक्टर ठप होने की कगार पर था। ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध शुरू होने के बाद दोनों शीर्ष नेताओं के बीच यह पहली सीधी और निर्णायक बातचीत थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया के माध्यम से इस चर्चा की पुष्टि करते हुए बताया कि राष्ट्रपति पेजेश्कियान के साथ बातचीत में क्षेत्र की गंभीर स्थिति और बढ़ते तनाव पर चिंता व्यक्त की गई। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि युद्ध के कारण आम नागरिकों की जान जाने और बुनियादी ढांचे को हो रहे नुकसान के बीच भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और ऊर्जा संसाधनों का निर्बाध आवागमन भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बातचीत और कूटनीति के माध्यम से शांति बहाली का आग्रह भी किया। इस चर्चा के साथ ही विदेश मंत्री एस. जयशंकर और ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची के बीच हुई गहन वार्ता के बाद जहाजों को हरी झंडी मिलने का रास्ता साफ हुआ। ईरानी राजदूत मोहम्मद फताली ने इस निर्णय को दोनों देशों की अटूट मित्रता का प्रमाण बताया है। उन्होंने कहा कि भारत और ईरान का भाग्य और हित एक समान हैं, इसीलिए युद्ध जैसी कठिन परिस्थितियों में भी ईरान अपने मित्र राष्ट्र की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। राजदूत ने संकेत दिया कि वर्तमान में फंसे करीब दो दर्जन अन्य भारतीय जहाजों को भी सुरक्षित मार्ग देने पर सक्रिय चर्चा जारी है। इसके साथ ही, सऊदी अरब से कच्चा तेल लेकर आ रहा एक अन्य टैंकर भी सफलतापूर्वक होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुका है और उसके शनिवार तक भारत पहुँचने की उम्मीद है। वर्तमान में लगभग 24 भारतीय जहाज हॉर्मुज के पश्चिमी हिस्से में फंसे हुए हैं, जिन्हें निकालने के लिए भारत सरकार लगातार ईरानी प्रशासन के संपर्क में है। इन एलपीजी जहाजों के भारत पहुँचने से घरेलू बाजार में सप्लाई चेन फिर से बहाल होगी और बफर स्टॉक बढ़ने से कीमतों में आई बेतहाशा वृद्धि पर लगाम लगने की उम्मीद है।

### ईरान के खर्ग द्वीप पर अमेरिका की बमबारी, सैन्य ठिकानों को तबाह करने का दावा, तेहरान ने कहा-जल्द जवाब देंगे

**वॉशिंगटन / तेहरान।** ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल सैन्य अभियान के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को दावा किया कि अमेरिकी केंद्रीय कमान ने ईरान के खार्ग द्वीप पर बड़ा बमबारी अभियान चलाया। उन्होंने इसे मध्य-पूर्व के इतिहास का सबसे बड़ा बमबारी अभियान करार देते हुए कहा कि ईरान के सबसे महत्वपूर्ण द्वीप खार्ग द्वीप पर मौजूद हर सैन्य ठिकाने को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। इस हमले पर ईरान ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि तेहरान इसका जवाब देगा। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया कहा कि अमेरिकी केंद्रीय कमान ने ईरान के खार्ग द्वीप पर एक बड़ा बमबारी अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने द्वीप पर मौजूद सभी सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया, जबकि जानबूझकर तेल अवसंरचना को नुकसान नहीं पहुंचाया। ट्रंप के अनुसार यह हमला मध्य पूर्व के इतिहास के सबसे शक्तिशाली बमबारी अभियानों में से एक था। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने खार्ग द्वीप पर मौजूद सभी सैन्य लक्ष्यों को निशाना बनाया और उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा एक वीडियो भी साझा किया है।

### तुर्की के राजदूत ने की भारत की तारीफ, कौटिल्य के अर्थशास्त्र व मंडल सिद्धांत का किया जिक्र



**नई दिल्ली।** भारत में तुर्की के राजदूत अली मूरत एरसोय ने कहा है कि ईरान का युद्ध एशिया पर असर डाल रहा है। युद्ध ने बड़ी ताकतों की आपसी होड़ के कारण स्थिरता के पारंपरिक स्तंभों पर दबाव डाला है। साथ ही भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान जैसी मध्यम ताकतों के लिए मौजूदा टूटी-फूटी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में पुल बनने का रास्ता खोला है। उन्होंने भारत की तारीफ करते हुए कहा कि दिल्ली की भूमिका ज्यादा अहम हो गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एरसोय ने कहा कि आज के अंतरराष्ट्रीय माहौल में मध्यम ताकतें बड़ी ताकतों की होड़ की सिर्फ दर्शक बनकर नहीं रह गई हैं। भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अन्य देश अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के अंदर जोड़ने वाली कड़ियों के तौर पर काफी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था बहु-केंद्रित वास्तविकता की ओर बढ़ रही है, जहां स्थिरता की गारंटी कोई एक महाशक्ति नहीं है। तुर्की के राजदूत ने कहा कि मध्यम ताकतें अलग-अलग भौगोलिक केंद्रों के साथ संबंध बनाए रखती हैं और वैश्विक व्यवस्था में स्थिरता लाने वाले कारक के तौर पर काम करती हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब एक स्थिर करने वाली ताकत के तौर पर अहम मुकाम रखता है। एरसोय ने कहा कि नई दिल्ली की विश्वसनीयता उसकी रणनीतिक स्वायत्तता के प्रति प्रतिबद्धता से आती है।

## गर्मी के बीच देश की कई राज्यों में आंधी बारिश का अलर्ट, चलेंगी तेज हवाएं

**नई दिल्ली।** देश में गर्मी की दस्तक के साथ अब आंधी-बारिश देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक 14 मार्च से 19 मार्च तक यूपी, हरियाणा, राजस्थान समेत 18 राज्यों में बारिश का कहर शुरू होगा। लोगों को इस दौरान सतर्क रहने के लिए कहा है। वहीं, इस दौरान 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलेगी। इतना ही नहीं, किसानों के लिए भी यह खास चेतावनी है। इस बीच कुछ राज्यों के जिलों में भीषण लू चलने की चेतावनी है। पूर्वोत्तर भारत के लिए भी विशेष अलर्ट जारी किया है। बिहार, झारखंड को लेकर भी टेंशन वाला अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली में बादल छाए रहेंगे दोपहर में 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेंगी। 15 और 16 मार्च को

**15 मार्च को जम्मू-कश्मीर-लद्दाख और हिमाचल में हो सकती है ओलावृष्टि**



जम्मू-कश्मीर-लद्दाख और हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में आज गरज, बिजली और 30-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। 15 से 19 मार्च के दौरान पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में, उत्तर प्रदेश में 15 और 16 मार्च को, राजस्थान में 13 और 14 मार्च को छिटपुट हल्की बारिश, गरज, बिजली और 30-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। 15 और 16 मार्च को उत्तराखंड में कुछ स्थानों पर गरज के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं। 15 मार्च को जम्मू-कश्मीर-लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में छिटपुट ओलावृष्टि की हो सकती है, 15 और 16 मार्च को उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और पूर्वी उत्तर प्रदेश में, 16 मार्च को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। आईएमडी के मुताबिक 13 से 19 मार्च के दौरान पूर्वोत्तर भारत में गरज और बिजली के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय और नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 15 मार्च के दौरान 30-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी।

## ज्वलंत मुद्दा | संपादकीय

## दावों और घोषणाओं से अर्थव्यवस्था मजबूत नहीं होती



भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर सरकार लगातार मजबूती और तेज विकास के बड़े-बड़े दावे करती है। लेकिन हाल के आर्थिक संकेतक एक अलग ही तस्वीर प्रस्तुत कर रहे हैं। भारतीय शेयर बाजार में लगातार गिरावट बनी हुई है। बैंकों में धन कम जमा हो रहा है। लोग बैंकों से पैसे निकाल कर सोने-चांदी में निवेश कर रहे हैं। निर्यात में लगातार गिरावट, विदेशी मुद्रा प्रवाह में कमी, शेयर बाजार की तेज गिरावट और बढ़ती महंगाई ने आर्थिक स्थिति को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। पिछले तीन महीनों में भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक बीएसई का सेंसेक्स और निफ्टी 50 में लगभग 10,000 अंकों की गिरावट दर्ज हुई है। इससे निवेशकों में घबराहट का माहौल बना है। विदेशी निवेशक शेयर बजार से बाहर निकल गये हैं। वित्तीय संस्थाओं को शेयर बाजार की गिरावट से भारी नुकसान हुआ है। देश के प्रमुख बैंक, बीमा कंपनियां और म्यूचुअल फंड विशेषकर भारतीय जीवन बीमा निगम का बहुत बड़ा निवेश शेयर बाजार और कॉर्पोरेट क्षेत्र में है। बाजार गिरने से इन संस्थाओं को भारी नुकसान हुआ है। जिससे वित्तीय स्थिति पर दबाव बढ़ना स्वाभाविक है।

इस बीच कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की कीमतों की वृद्धि ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। इसलिए वैश्विक कीमतों में बढ़ोतरी से महंगाई और चालू खाते के घाटे से भारतीय अर्थव्यवस्था दिन-प्रतिदिन चिंता को बढ़ा रही है। निर्यात व्यापार में गिरावट और प्रवासी भारतीयों से आने वाली विदेशी मुद्रा में कमी ने भी स्थिति को और भी चुनौतीपूर्ण बना दिया है। यदि यही स्थिति जारी रही तो रोजगार के अवसरों पर भी गंभीर असर पड़ सकता है। बेरोजगारी तथा महंगाई दोनों बढ़ सकती हैं। जिसका सबसे ज्यादा असर भारत की जीडीपी पर होगा। इन परिस्थितियों को देखते हुए भारत सरकार द्वारा आपातकालीन आर्थिक प्रबंधन के लिए एक लाख करोड़ रुपये का फंड तैयार करने की घोषणा की गई है। जो इस बात का संकेत देती हैं, भारत सरकार और वित्तीय संस्थाओं को संभावित आर्थिक संकट का अहसास हो चुका है।

सबसे चिंताजनक पहलू यह है, यदि वित्तीय संस्थाओं और बैंकों का नुकसान शेयर बाजार की गिरावट से बढ़ता है तो इसका प्रभाव आम जमाकर्ताओं तक भी पहुंच सकता है। अर्थ- विशेषज्ञों के अनुसार आर्थिक संकट केवल वित्तीय आंकड़ों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्थिरता को भी प्रभावित करता है। ऐसे समय में भारत सरकार को पारदर्शी आर्थिक नीति, निवेश को प्रोत्साहन, निर्यात में वृद्धि और रोजगार सृजन के लिए गंभीर दूरगामी प्रयास आवश्यक हैं। वास्तविक स्थिति के विपरीत दावों और घोषणाओं से अर्थव्यवस्था मजबूत नहीं होती है। इसके लिए सरकार को ठोस और विश्वसनीय नीतिगत स्तर पर आर्थिक निर्णय लेने होंगे। सरकार को उद्योगों और रोजगार को बढ़ाने, आम जनता का विश्वास बैंकों और वित्तीय संस्थाओं पर बना रहे। अर्थ व्यवस्था को लेकर सरकारी अधिकारियों की जबावदेही तय करने के साथ विपक्षी दलों को वर्तमान स्थिति में विश्वास में लेना होगा। यदि ऐसा नही हुआ तो भारत को कई अन्य मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। सरकार और विपक्ष के बीच जिस तरह का टकराव और अविश्वास देखने को मिल रहा है, यह भारत की अर्थ-व्यवस्था को लेकर और भी चिंता बढ़ाने वाला है।

सैयद जकी हैदर | सम्पदक/प्रकाशक
MOBE NO.9911371802
EMAIL. SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## ख़ास ख़बर

## बीकानेर हाउस में राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राजस्थान उत्सव का शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री

### 15 से 25 मार्च तक चलने वाले राजस्थान उत्सव में मिलेगी राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत की झलक

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर गत वर्ष से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर राजस्थान दिवस मनाने की शुरूआत की गई। इसी क्रम में इस बार भी राज्य सरकार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (19 मार्च) को राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों एवं आयोजनों के माध्यम से भव्य राजस्थान दिवस मनाने जा रही है। इसी कड़ी में राज्य सरकार द्वारा नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में 15 मार्च से 25 मार्च तक राजस्थान उत्सव 2026 के रूप में फूड एवं क्राफ्ट मेले/उत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा बीकानेर हाउस प्रांगण में 15 मार्च 2026 को सायं 7:00 बजे किया जाएगा। राजधानी में राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान के प्रमुख केंद्र बीकानेर हाउस में आयोजित यह उत्सव प्रदेश की जीवंत लोक परंपराओं, कला, संस्कृति और पारंपरिक खान-पान की अनूठी झलक प्रस्तुत करेगा। बीकानेर हाउस प्रांगण में आयोजित यह उत्सव राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति, हस्तशिल्प, लोकनृत्य, लोकसंगीत और पारंपरिक व्यंजनों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री श्री शर्मा की प्रेरणा से राज्य सरकार प्रदेश की गौरवशाली सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित यह उत्सव राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान को देश-विदेश के लोगों तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनेगा।

## घरेलू हवाई अड्डा मार्गों को जाम-मुक्त करने के लिए विशेष संयुक्त अभियान

**लोकतंत्र की शान : दिल्ली ट्रैफिक** पुलिस ने घरेलू हवाई अड्डा क्षेत्र में सड़कों को जाम-मुक्त करने और हवाई अड्डे से आने-जाने वाले यात्रियों तथा अन्य यात्रियों के लिए यातायात को सुचारु बनाने के उद्देश्य से GMR और मेहरम नगर गाँव के स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर एक विशेष संयुक्त प्रवर्तन अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान सड़कों के किनारे लगे अवैध खोखे, रेहड़ी-पटरी और अन्य अतिक्रमणों को हटाने के साथ-साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए अव्यवस्थित तरीके से खड़े किए गए वाहनों को भी हटाया गया, जो यातायात के सुचारु प्रवाह में बाधा बन रहे थे।

## मानसिक सुकून पाने के लिए घर से निकली महिला, पुलिस ने खोजकर परिवार को लौटाया

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के देशबंधु गुप्ता रोड इलाके में एक महिला मानसिक सुकून और शांति पाने के लिए घर से निकल गई। उसने बैग में कपड़े पैक किए और बिना किसी को बताए घर छोड़ दिया। परेशान पति ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि महिला बस में सवार होकर जम्मू एवं कश्मीर की बस में बैठी है। टीम को फौरन कटरा भेजा गया। वहां पर महिला को माता वैष्णो देवी मंदिर के पास ट्रैक कर लिया गया। बाद में महज 39 घंटे में पुलिस ने महिला को ढूंढ निकाला। औपचारिकताएं पूरी करने के बाद महिला को परिवार के हवाले कर दिया गया। महिला ने खुलासा किया है कि वह मानसिक व पारिवारिक परेशानियों से दिक्कत में थी। मध्य जिले के पुलिस उपायुक्त रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि 9 मार्च को एक व्यक्ति ने देशबंधु गुप्ता रोड थाने में आकर पत्नी के गायब होने की शिकायत दी थी। उसने बताया कि पत्नी को उसने काफी तलाश किया, लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। पुलिस ने छानबीन के बाद फौरन गुमशुदा रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने टेक्निकल सर्विलांस के अलावा सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। इस बीच पता चला कि महिला जम्मू एवं कश्मीर की बस में सवार हुई है। उसी दिन पुलिस ने एक टीम को जम्मू के लिए रवाना कर दिया। टीम कटरा पहुंची। वहां पहुंचने पर पता चला कि महिला माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए पहुंची है। पुलिस की टीम ने 11 मार्च महिला को वैष्णो देवी क्षेत्र के पास सुरक्षित ढूंढ लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह लंबे समय से मानसिक तनाव और भावनात्मक परेशानी से गुजर रही थी। शांति और सुकून पाने के लिए वह किसी शांत स्थान पर कुछ समय बिताना चाहती थी। इसी कारण उसने लगभग एक महीने पहले से ही इसकी तैयारी कर रखी थी और घर से निकल गई।

## कुएं में मिला युवक का शव

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार इलाके में शनिवार को डीडीए की जमीन पर मौजूद एक कुएं से युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। लोगों ने शव को पानी में देखा तो पुलिस को खबर दी। सूचना मिलते ही मयूर विहार थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। बाद में क्राइम टीम एवं एफएसएल को मौके पर बुला लिया गया। बाद में शव को पानी से निकाला गया। शव कई दिन पुराना होने की वजह से बुरी तरह सड़ चुका था। उसकी पहचान भी नहीं हो पा रही थी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया है। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से छानबीन कर रही है। एरिया से गायब हुए लोगों का भी पता किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक मूयर विहार फेज-1 पॉकेट-3 में ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी के ठीक सामने डीडीए की खाली जमीन पड़ी है। यहां पर एक पुराना कुआं बना हुआ है। उसको दीवार बनाकर कवर किया गया है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से उसकी दीवार टूटी हुई है। शनिवार सुबह कुछ लोगों ने युवक का शव कुएं में पड़ा देखा। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। बाद में शव को निकाला गया। फिलहाल इसका खुलासा नहीं हो पाया है कि युवक की मौत कुएं में खुद ही गिरने से हुई या उसके साथ कुछ वारदात हुई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। फिलहाल पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है।

## लाइकेन मॉथ की दो नई प्रजातियों की खोज, भूपेन्द्र यादव ने शोधकर्ताओं को दी बधाई

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** भारत में लाइकेन मॉथ की दो नई प्रजातियों की खोज की गई है। इस महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपलब्धि पर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को बधाई दी है। यह खोज जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के वैज्ञानिकों ने की है। शोध के दौरान वैज्ञानिकों ने पूर्वी हिमालयी क्षेत्र में लाइकेन मॉथ की दो नई प्रजातियों की पहचान की। इन नई प्रजातियों का नाम कौलोसेरा होलोवेई और असुरा बक्सा रखा गया है। केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने एक्स पर साझा अपने संदेश में कहा कि लेपिडोप्टेरा (कीटों का एक गण है जिसमें तितलियां और पतंगे शामिल होते है) जैसे विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण लेकिन अपेक्षाकृत कम अध्ययन किए गए समूहों पर शोध, पारिस्थितिकी तंत्र के कार्यकरण को समझने के लिए आवश्यक है। इसके साथ यह भारतीय हिमालय में वायु प्रदूषण के संकेतक प्रजातियों की पहचान के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। यह उपलब्धि हिमालय जैसे जैवविविधता हॉटस्पॉट में निरंतर वर्गिकी अनुसंधान की आवश्यकता को भी रेखांकित करती है। शोधकर्ताओं के अनुसार, इन प्रजातियों की पहचान उनके पंखों के रंग-रूप, शरीर की बनावट और अन्य सूक्ष्म जैविक विशेषताओं के आधार पर की गई। यह शोध अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पत्रिका जूटेक्सा में प्रकाशित हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि लाइकेन मॉथ पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण माने जाते हैं क्योंकि इनके लार्वा लाइकेन पर निर्भर रहते हैं। लाइकेन वायु प्रदूषण के प्रति अत्यंत संवेदनशील होते हैं, इसलिए इन मॉथ की मौजूदगी पर्यावरण की स्थिति का संकेत भी देती है। वैज्ञानिकों के अनुसार, इस खोज से पूर्वी हिमालय क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता को समझने में मदद मिलेगी और भविष्य में संरक्षण संबंधी प्रयासों को भी मजबूती मिलेगी।

# तरुण हत्याकांड: सर्व हिंदू समाज और परिजनों ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तम नगर क्षेत्र में तरुण हत्याकांड को लेकर सर्व हिंदू समाज ने शनिवार को दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। मृतक के परिजनों ने कहा कि इस मामले के सभी दोषियों को सख्त सजा दी जाए। कुल 22 से 23 आरोपितों में 6 अभी भी फरार हैं। फरार आरोपितों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तर्ज पर आरोपितों की संपत्तियों पर बुलडोजर चलाया जाए। सर्व हिंदू समाज और पीड़ित के परिजनों ने शनिवार को यहां प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता की। इस वार्ता में मृतक तरुण में मृतक की मां लक्ष्मी देवी, पिता मेमराज, चाचा रमेश कुमार और दादा मानसिंह के अलावा खटिक समुदाय के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह भी मौजूद रहे। परिजनों ने घटना की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि दोषियों को ऐसी सजा मिलनी चाहिए कि भविष्य में कोई भी इस तरह की घटना करने की हिम्मत न कर सके। मृतक की मां लक्ष्मी देवी ने कहा कि होली के दिन एक छोटी बच्ची द्वारा खेल-खेल में रंग भरा गुब्बारा फेंका गया था, जिसके छींटे एक महिला पर पड़ गए। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ और बाद में उनके बेटे तरुण को बेरहमी से पीट-पीटकर मार डाला गया। उनका बेटा 26 वर्ष का था और पशु प्रेमी था। वह आसपास के आवारा कुत्तों और गायों को खाना खिलाता और पानी पिलाता था। इसी कारण कुछ लोग उससे चिढ़ते थे। उन्होंने कहा कि उनके दो बच्चे थे, जिनमें से एक को इस घटना में खो दिया। आरोपितों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और उनकी संपत्तियों को ध्वस्त किया जाए। इस मामले में शामिल सभी 22-23 आरोपितों को ऐसी सजा दी जाए कि दिल्ली में दोबारा इस तरह की घटना न हो। मृतक के पिता मेमराज ने कहा कि घटना के समय उनका बेटा घर पर नहीं था। जब गुब्बारे की घटना के बाद विवाद हुआ तो कुछ लोग लाठी-डंडे लेकर मौके पर आ गए। स्थिति बिगड़ती देख परिवार के लोग घर के अंदर चले गए थे, लेकिन तरुण को इस बारे में जानकारी नहीं थी। जब वह मोटरसाइकिल से घर लौटा तो पहले से घात लगाए लोगों ने उस पर हमला कर दिया। मेमराज ने कहा कि आरोपितों ने तरुण को लाठी-डंडों और अन्य हथियारों से बुरी तरह पीटा। यहां तक कि उसकी पीठ पर पत्थर और सिलबट्टे से भी वार किया गया। गंभीर रूप से घायल होने के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां अगले दिन दोपहर करीब 12 बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हमलावरों ने उनके परिवार के अन्य सदस्यों को भी बुरी तरह पीटा, जिसमें उनके भाई का सिर फट गया जिसमें 8 टांके आए और हाथ टूट गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि हमलावरों की संख्या लगभग 22 से 23 थी, जिनमें से 6 से ज्यादा अभी भी फरार हैं। पुलिस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है, लेकिन अभी भी कई आरोपित खुलेआम घूम रहे हैं। उन्होंने मांग की कि सभी फरार आरोपितों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। सर्व हिंदू समाज ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए इसे विशेष जांच दल, क्राइम ब्रांच या केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपा जाना चाहिए। साथ ही न्यायिक प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाने के लिए सक्षम और स्वतंत्र लोक अभियोजक की नियुक्ति की भी मांग की। संगठन ने कहा कि घटना से जुड़े सभी सीसीटीवी कैमरों के डीवीआर और रिकॉर्डिंग को तुरंत जब्त कर जांच की जाए, ताकि पूरी सच्चाई सामने आ सके। कुछ लोगों द्वारा अवैध गतिविधियों और अवैध निर्माण से जुड़े मामलों की भी जांच होनी चाहिए। सर्व हिंदू समाज ने प्रशासन से यह भी मांग की कि मामले की निगरानी के लिए एक विशेष जांच समिति गठित की जाए और जांच या न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाए। यदि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो समाज के लोग आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## अमेरिका से व्यापार समझौते के खिलाफ युवा कांग्रेस सोमवार को करेगी संसद घेराव

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली।** भारतीय युवा कांग्रेस ने भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते और केंद्र सरकार की विभिन्न नीतियों के विरोध में 16 मार्च को संसद घेराव का ऐलान किया है। संगठन पहले जंतर मंतर पर प्रदर्शन करेगा इसके बाद घेराव करेगा। युवा कांग्रेस ने शुक्रवार को यहां आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। इस मौके पर दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा, राष्ट्रीय सचिव एवं दिल्ली सह-प्रभारी कृष्ण हरि तथा सह-प्रभारी हैवरन कंसाना मौजूद रहे। अक्षय लाकड़ा ने कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने हाल ही में आयोजित एआई शिखर सम्मेलन के दौरान प्रदर्शन किया था, जिसे उन्होंने लोकतांत्रिक अधिकार बताया। अदालतों ने भी माना कि लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन का अधिकार हर नागरिक को है। लाकड़ा ने कहा कि इस समझौते से देश का डेटा अमेरिका को सौंपने का खतरा है, जिससे किसानों और वस्त्र उद्योग को भारी नुकसान हो सकता है। इस मुद्दे पर युवा कांग्रेस ने एआई समिट में विरोध दर्ज किया था। प्रदर्शन के बाद कुछ कार्यकर्ताओं को परेशान किया गया, लेकिन संगठन पीछे नहीं हटा। फिलहाल कोई भी कार्यकर्ता न्यायिक या पुलिस हिरासत में नहीं है। लाकड़ा ने कहा कि 16 मार्च को जंतर-मंतर पर केंद्र सरकार की नीतियों और खासकर भारत-अमेरिका प्रस्तावित व्यापार समझौते के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन होगा। इसमें देशभर से युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल होंगे। राष्ट्रीय सचिव हैवरन कंसाना ने दावा किया कि देश के विभिन्न मुद्दों पर अब तक कई आंदोलन हुए हैं, लेकिन आगामी प्रदर्शन सबसे बड़ा होगा।

## हत्या के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्ली।** हत्या के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। आरोपित ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस के अनुसार आरोपित काफी समय से फरार चल रहा था और उसकी तलाश की जा रही थी। पकड़े गए आरोपित की पहचान निखिल के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार के अनुसार क्राइम ब्रांच की एनआर-2 टीम ने पूठ खुर्द रोहिणी सेक्टर-34 से आरोपित को एक गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया। वह थाना बवाना में दर्ज हत्या के एक मामले में वांछित था। पुलिस के अनुसार आठ मार्च को बवाना थाना क्षेत्र में पूठ खुर्द स्थित राज वाटिका के पास एक व्यक्ति को गोली मारने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को स्कूटी के पास एक युवक गंभीर हालत में पड़ा मिला। उसकी पहचान पूठ खुर्द निवासी भूपेंद्र (24) के रूप में हुई। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने हत्या और आर्म्स एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए क्राइम ब्रांच की टीम को लगाया गया था। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आरोपित निखिल रोहिणी इलाके में मौजूद है। सूचना के आधार पर टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसने अपने साथियों देवराज, सुमित और एक नाबालिग के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। देवराज की मृतक भूपेंद्र से पुरानी रंजिश थी, जिसके चलते बदला लेने के लिए गोली चलाई गई। इस मामले में नाबालिग आरोपित को पहले ही स्थानीय पुलिस पकड़ चुकी है, जबकि देवराज और सुमित अभी फरार हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपित दसवीं तक पढ़ा है और पूठ खुर्द गांव का रहने वाला है। उसके पिता मजदूरी करते हैं। पुलिस फरार अन्य आरोपितों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## मुख्यमंत्री ने शालीमार बाग में कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने क्षेत्र में चल रहे कार्यों का औचक निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस काम से बरसात के समय जलभराव की समस्या कम होगी और सड़कें व आसपास का बुनियादी ढांचा भी मजबूत होगा। मुख्यमंत्री ने हैदरपुर मेन रोड पर (बस स्टैंड से डीए ब्लॉक, शालीमार बाग तक) स्टॉर्म वाटर ड्रेन के रीमॉडलिंग कार्य का भी उद्घाटन किया। यह काम न्यू मास्टर ड्रेन प्लान 2025 के तहत किया जा रहा है, जिसमें आरसीसी ड्रेन बनाकर इलाके की जल निकासी व्यवस्था को बेहतर किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, जल निकासी व्यवस्था और जनसुविधाओं से जुड़े कई कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि रोड नंबर 319, आरयूबी शालीमार बाग, चौधरी मेहर चंद मार्ग, रोड नंबर 320 और स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती मार्ग पर भी ड्रेनेज सुधार कार्य शुरू किए गए। मुख्यमंत्री ने शालीमार चौक पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए स्लिप रोड के निर्माण और आरयूबी के आसपास यू-टर्न विकसित करने के कार्य की भी शुरुआत की। इस पहल से क्षेत्र में यातायात का दबाव कम होगा और स्थानीय निवासियों तथा यात्रियों को बेहतर और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने भगवान महावीर मार्ग और के एल बग्गा मार्ग पर मौजूदा स्टॉर्म वाटर ड्रेन के रीमॉडलिंग कार्य का भी उद्घाटन किया। इस परियोजना के तहत प्रीकास्ट फैक्ट्री निर्मित आरसीसी ड्रेन का निर्माण किया जाएगा, जो न्यू मास्टर ड्रेन प्लान 2025 के अनुरूप होगा। इस कार्य से क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी तथा बारिश के दौरान होने वाली समस्याओं में कमी आएगी। इन परियोजनाओं के उद्घाटन के साथ ही मुख्यमंत्री ने शालीमार बाग के सिंगलपुर लेबर चौक पर चल रहे सड़क चौड़ीकरण और ड्रेनेज सुधार कार्यों का औचक निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और निर्देश दिए कि विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क चौड़ीकरण के साथ-साथ सुदृढ़ ड्रेनेज व्यवस्था का निर्माण बेहद आवश्यक है ताकि क्षेत्र में जलभराव की समस्या से स्थायी समाधान मिल सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों के दौरान स्थानीय निवासियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए और कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी के प्रत्येक क्षेत्र में सड़क, ड्रेनेज, यातायात और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का लक्ष्य है कि दिल्ली के हर क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करते हुए नागरिकों को बेहतर जीवन सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

## मुख्यमंत्री ने सहीपुर गांव में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया उद्घाटन

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को शालीमार बाग विधानसभा के सहीपुर गांव चौपाल में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन कर इसे जनता को समर्पित किया।मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि यह आरोग्य मंदिर क्षेत्र के नागरिकों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। यहां निशुल्क डॉक्टर परामर्श, आवश्यक जांच, दवाइयां, टीकाकरण और प्राथमिक उपचार, जैसी सेवाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में शुरू किए गए 371 आयुष्मान आरोग्य मंदिर इस संकल्प को मजबूत कर रहे हैं कि स्वास्थ्य सेवाएं हर नागरिक तक सम्मान के साथ और उनके घर के पास पहुंचें। उल्लेखनीय है कि, इस आरोग्य मंदिरों पर मरीजों को मुफ्त डॉक्टर कंसल्टेशन (ओपीडी) और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। केंद्रों पर ही ब्लड टेस्ट, शुगर टेस्ट, बीपी जांच जैसी बुनियादी 14 तरह की जांचें और 79+ प्रकार की आउटसोर्स जांच की व्यवस्था है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन), और कैंसर (मुंह, स्तन, गर्भाशय ग्रीवा) की शुरुआती जांच। गर्भवती महिलाओं की देखभाल, नवजात शिशु की देखभाल और टीकाकरण सेवाएं। जरूरत पड़ने पर ई-संजीवनी के माध्यम से विशेषज्ञ डॉक्टरों से सलाह दी जाती है। स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए योग कक्षाएं और जीवनशैली परामर्श दिए जाते हैं।

# देश में ऊर्जा संकट नहीं है, पैनिक बुकिंग से बचें: केंद्र

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में एलपीजी सिलेंडर की कही कोई कमी नहीं है। सरकार ने यह भी कहा कि लोगों को एलपीजी की पैनिक बुकिंग से बचना चाहिए। नेशनल मीडिया सेंटर में शनिवार को पत्रकार वार्ता में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने कहा कि भौगोलिक हालात को देखते हुए यह हमारे लिए चिंता की बात बनी हुई है। हालांकि अभी तक स्टॉक खत्म होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने कहा कि एलपीजी पैनिक बुकिंग के मामले बहुत ज्यादा हैं। शुक्रवार को जो आंकड़ा शेयर किया था उसमें लगभग 76 लाख बुकिंग—अब बढ़कर लगभग 88 लाख हो गई है। उन्होंने कहा कि एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के लिए लोगों को लाइन में खड़े होनी की आवश्यकता नहीं है। इस संबंध में उपभोक्ताओं को जागरुक करने के लिए तेल कंपनी को आदेश दिया गया है कि वे लोगों को डिजिटल बुकिंग के लिए प्रेरित करें। देश में सिलेंडर की कोई कमी नही है। सरकार द्वारा तय दिनों के अंदर लोगों को गैस सिलेंडर उपलब्ध होगा। डीलर उपभोक्ताओं को घरों में सिलेंडर पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि वाणिज्यिक एलपीजी उपभोक्ता को भी कुछ राहत देने के लिए उन्हें पीएनजी कनेक्शन देने का फैसला किया गया है। इसके साथ शुक्रवार को दिल्ली एनसीआर में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने एनसीआर, जिसमें दिल्ली भी शामिल है, के उद्योगों, होटलों, रेस्तरां और अन्य प्रतिष्ठानों को एक महीने के लिए कोयला, लकड़ी जलाने के इस्तेमाल की अनुमति दे दी है। उन्होंने कहा कि सरकार कालाबाजारी रोकने के लिए लगातार छापेमारी और सरप्राइज निरीक्षण कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय किसान संघ का 47 वा स्थापना दिवस मनाया गया

**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहाः**

**हसनपुरः** शनिवार को विकास खंड हसनपुर के गांव उधमपुर में भारतीय किसान संघ का 47 वा स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम और श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दे कर हुआ, वही इस मौके पर किसानों को दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के विचारों को याद करते हुए किसान हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लेते हुए दत्तोपंत ठेंगड़ी के जीवन पर जिला अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शर्मा और प्रांतीय गन्ना प्रमुख ने विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि दत्तोपंत ठेंगड़ी जी ने किसानों के अधिकारों और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संगठन की स्थापना की थी उनका उद्देश्य किसानों को संगठित कर उनकी आवाज को मजबूत कर उनके अधिकारों को दिलाना था, ब्लॉक अध्यक्ष ओमवीर सिंह चौहान ने संगठन के विस्तार और नए सदस्यों को जोड़कर संगठन को ओर अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया, पदाधिकारियों ने कहा कि अधिक से किसानों को जोड़कर उनकी समस्याओं को प्रभावी तरीके से उठाकर उनका समाधान कराया जाए, इस अवसर पर प्रांतीय गन्ना प्रमुख महीपाल सिंह, जिला अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष धर्मपाल सिंह चौहान, ब्लॉक कार्यकारणी सदस्य धर्मपाल सिंह, जिला युवा मंत्री लाखन सिंह, ग्राम समिति अध्यक्ष गंगाराम सिंह, शिवम कुमार, विजेंद्र सिंह, डाले सिंह, बबलू सिंह, रतन सिंह आदि सहित भारी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे 1



### सीएम योगी ने सहारनपुर में की विकास कार्यों की समीक्षा, मां शाकुंभरी देवी मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ की पूजा-अर्चना

**लोक तंत्र की शान : सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को सहारनपुर जनपद में मां शाकुंभरी देवी सिद्धपीठ मंदिर पहुंचे और निर्माणाधीन पर्यटन विकास परियोजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पर्यटन कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सोविनियर शॉप, टॉयलेट ब्लॉक, टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर, मल्टीलेवल पार्किंग की प्रगति को देखा। इसके उपरान्त उन्होंने भूरादेव एवं सिद्धपीठ मां शाकुंभरी देवी मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विकास कार्यों को गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए तथा अक्टूबर माह में पूर्ण होने वाली परियोजनाओं को शारदीय नवरात्रि तक तय मानकों के साथ पूरा कराएं। भूरा देव मंदिर से शाकुंभरी देवी मंदिर तक निर्माणाधीन एलिवेटिड रोड का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी, राज्यमंत्री लोक निर्माण ब्रजेश सिंह, विधायक नकुड मुकेश चौधरी, विधायक रामपुर मनिहारन देवेन्द्र निम, विधायक गंगोह किरत सिंह, विधायक नगर राजीव गुम्बर, एडीजी भानू भास्कर, मण्डलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक अभिषेक सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, पूर्व विधायक नरेश सैनी एवं संबंधित अधिकारियों सहित जिलाध्यक्ष अजीत राणा, महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई उपस्थित रहे।

### गन्ने के खेतों में घूम रही मादा गुलदार पकड़ी गई

**लोक तंत्र की शान : बिजनौर।** नहटौर थाना क्षेत्र के गांव मटौरामान में पिछले कई दिनों से दहशत का कारण बनी मादा गुलदार आखिरकार वन विभाग के लगाए पिंजरे में कैद हो गई। गुलदार के पकड़े जाने की खबर मिलते ही ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और क्षेत्र में फैले भय के माहौल से कुछ हद तक लोगों को निजात मिली। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले गांव निवासी हितेश्वर के गन्ने के खेत में गुलदार के तीन शावक दिखाई दिए थे। इसके बाद से ही मादा गुलदार आसपास के खेतों और गांव के नजदीक लगातार देखी जा रही थी। गुलदार की मौजूदगी से ग्रामीणों में भारी दहशत फैल गई थी। हालात ऐसे हो गए थे कि किसानों ने खेतों में जाना लगभग बंद कर दिया था और शाम ढलते ही गांव की गलियां सूनी हो जाती थीं। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम ने इलाके में लगातार निगरानी शुरू कर दी थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रभावित खेत के पास पिंजरा लगाया गया था। शनिवार को कुछ ही समय बाद मादा गुलदार पिंजरे में कैद हो गई, जिसके बाद वन विभाग की टीम ने उसे सुरक्षित तरीके से अपने कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय पहुंचा दिया। गुलदार के पकड़े जाने के बाद वन विभाग के अधिकारियों ने गांव में पहुंचकर ग्रामीणों के साथ बैठक भी की। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों को जंगल क्षेत्र के आसपास सतर्क रहने और अकेले खेतों में न जाने जैसे सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। ग्रामीणों ने वन विभाग की कार्रवाई पर संतोष जताते हुए कहा कि पिछले कई दिनों से वे भय के साए में जीवन गुजार रहे थे, लेकिन गुलदार के पकड़े जाने से अब लोगों को काफी राहत मिली है।

### पुरवा में सजेगी होली मिलन की महफिल, शिक्षाविदों का होगा जमावड़ा

**लोक तंत्र की शानः पुरवा (उन्नाव)ः** रंगों के पावन पर्व होली के शुभ अवसर पर पुरवा विधानसभा क्षेत्र के शिक्षाविदों के सम्मान में एक भव्य 'शिक्षक होली मिलन समारोह' का आयोजन होने जा रहा है। आगामी 17 मार्च (मंगलवार) को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में क्षेत्र के तमाम प्रबुद्धजन और शिक्षा जगत से जुड़ी हस्तियां एक मंच पर नज़र आएंगी।

**कार्यक्रम का विवरण**-यह आयोजन मवई स्थित सरस्वती शिव विद्या मन्दिर (खानपुर-हिलौली) के प्रांगण में संपन्न होगा। कार्यक्रम का समय दोपहर 2:00 बजे निर्धारित किया गया है। समारोह में परस्पर भाईचारे के साथ अबीर-गुलाल की होली खेली जाएगी और सांस्कृतिक चर्चाएं भी होंगी।

## जुबिलेंट पहुंचे केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, फैक्ट्री प्रबंधन ने किया स्वागत

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**गजरौला।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी मुरादाबाद में आयोजित समारोह में शामिल होने जा रहे केंद्रीय स्वास्थ्य,परिवार कल्याण,रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा (जेपी नड्डा) जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड के अतिथि गृह पहुंचे। यहां कंपनी के यूनिट हेड विनोद झा, निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित एवं प्रभारी सीएमओ डा.योगेंद्र सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए 2019 में यहां आ चुके जेपी नड्डा दोबारा आगमन पर काफी खुश नजर आए। उन्होंने पहुंचते ही इसका जिक्र भी किया। शनिवार को मुरादाबाद जाते समय केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह के साथ कुछ देर के लिए जुबिलेंट के अतिथि गृह में रुके। यहां हसनपुर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने भाजपा के जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, राजू राणा, राजीव गोयल देवेंद्र खड़गवंशी, निखिल खड़गवंशी, अंकुर अग्रवाल, संजय शर्मा आदि के संग उनसे मुलाकात की। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के जुबिलेंट में आगमन की सूचना पर खुफिया तंत्र के साथ ही पुलिस, स्वास्थ्य एवं एफएसडीए के अधिकारी भी मुस्तैद नजर आए। मंडी धनौरा की सीओ अंजलि कटारिया भी पुलिस बल के साथ मौजूद रहीं। इससे पूर्व हाईवे पर मोहम्मदाबाद के निकट केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा एवं चौधरी भूपेंद्र सिंह के काफिले पर पुष्पवर्षा की गई। इस मौके पर हसनपुर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, युवा जिला उपाध्यक्ष शिखर अग्रवाल, हसनपुर मंडल अध्यक्ष राजू राणा, भाजपा नेता अंकुर अग्रवाल, आदमपुर मंडल अध्यक्ष राजीव गोयल,गजरौला ब्लाक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी, बीडीसी मेंबर आयुष चौधरी आदि भी मौजूद रहे।

## बहुजन नायक काशीराम जी साइकिल यात्रा का बसपाइयों ने किया स्वागत



लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुर।** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक बहुजन नायक कांशीराम की 92 वीं जयंती के मौके पर गुड्डू अंबेडकर के नेतृत्व में जा रही साइकिल यात्रा का बसपाइयों ने जोरदार स्वागत किया,राज एक्सप्रेशन मुंबई, रवि गौतम आगरा, एवं अखिल लखनऊ ने दिनांक 13 मार्च को बिसौली बदायूं से साइकिल यात्रा राष्ट्रीय दलित प्रेरणा केंद्र गौतमबुद्ध नगर नोएडा के लिए शुरू की है। इस क्रम में टीम का रास्ते में जगह-जगह स्वागत किया गया। नगर के ब्लॉक तिराहा हसनपुर में अजब सिंह एडवोकेट जॉन प्रभारी मुरादाबाद मंडल के नेतृत्व में सभी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। गुड्डू अंबेडकर ने कहा कि इस यात्रा का मकसद बहुजन नायक मान्यवर काशीराम को भारत रत्न की उपाधि से जल्द से जल्द सम्मानित किया जाये। अजब सिंह एडवोकेट ने टीम के कार्य को सराहा और हार्दिक बधाई दी। इस मौके पर अमित हाली, सुरेंद्र कुमार गौतम एडवोकेट विधानसभा अध्यक्ष, चंद्रभान सिंह राही, दुर्योधन, नवाब सैफी, रितिक, पुष्कर, गुरमीत, अमित कुमार आदि ने स्वागत किया।

## आरटीई के तहत लाखों बच्चों के लिए खुले निजी स्कूलों के दरवाजे

लोक तंत्र की शान

**लखनऊ।** योगी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों को निजी विद्यालयों में निशुल्क शिक्षा दिलाने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। पारदर्शी ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से आवेदन, सत्यापन और लॉटरी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया जा रहा है। प्रदेश में आरटीई के अंतर्गत प्रथम और द्वितीय चरण में मिलाकर 1.56 लाख से अधिक छात्रों को निजी स्कूलों में प्रवेश सुनिश्चित किया गया है। प्रथम चरण में लगभग 1.09 लाख सीटों का आवंटन किया जा चुका है जबकि द्वितीय लॉटरी में 47 हजार से अधिक बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश मिला है। इस प्रकार बड़ी संख्या में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा के अवसर सुनिश्चित किए गए हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार प्रदेश के विभिन्न जिलों में बड़ी संख्या में आवेदन सत्यापित किए गए। आरटीई के तहत सर्वाधिक प्रवेश लखनऊ, कानपुर नगर, आगरा, मुरादाबाद और बुलंदशहर जैसे जनपदों में हुए हैं, जहां हजारों बच्चों को निजी विद्यालयों में पढ़ने का अवसर मिला है। इसी प्रकार अलीगढ़, गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद, फीरोजाबाद और बरेली जैसे जिलों में भी हजारों बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश का अवसर मिला है।




## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान का हुआ शुभारंभ

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुरः** शनिवार को नगर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान का शुभारंभ हुआ, यह कार्यक्रम नगर के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में आयोजित किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी और हसनपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू राणा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया, एक दिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य भाजपा कार्यकर्ताओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है, साथ ही उन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रशिक्षण भी दिया गया, कार्यशाला को संबोधित करते हुए विधायक महेंद्र सिंह ने केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार एक्सप्रेस वे नेटवर्क रेलवे के पूर्ण विद्युतीकरण और सशक्त कूटनीति के को देश की मजबूत अर्थव्यवस्था का आधार बताया, विधायक ने जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता और विदेश निवेश में वृद्धि को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया, उन्होंने स्पष्ट किया कि देश में रसोई गैस और पेट्रोल की कोई कमी नहीं है श्री खड़कवंशी ने कार्यकर्ताओं से 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को प्राप्त करने का आह्वान किया, इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राजू राणा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में हुए सुरक्षा और सुशासन के कार्यों की सराहना की, इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, कृष्ण कुमार शर्मा, अतुल गर्ग, विजय पारछा, ममता शर्मा, सोनिया प्रजापति, कविता सैनी, दीपमाला वर्मा, कपिल देव, देवेंद्र खड़कवंशी, भोजराम खड़कवंशी आदि सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे 1

## संभल की बदल रही सूरतः नगर पालिका द्वारा विकास कार्यों की रफ्तार तेज

**» वार्ड संख्या 9 में सड़क निर्माण कार्य शुरू, शहर में चतुर्मुखी विकास की ओर बढ़ते कदम**

लोक तंत्र की शान, सैय्यद कुमैल ज़ैदी



**संभल।** नगर पालिका परिषद संभल इन दिनों शहर के समग्र विकास को लेकर लगातार सक्रिय दिखाई दे रही है। अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी के निर्देशन में नगर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। शहर में सड़क निर्माण, पेयजल आपूर्ति, जल निकासी व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए कई योजनाओं पर लगातार काम किया जा रहा है। इसी क्रम में आज वार्ड संख्या 9 में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ कर दिया गया। सड़क निर्माण शुरू होने से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसके शुरू होने से अब उन्हें आने-जाने में होने वाली परेशानियों से काफी राहत मिलेगी। नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। एक ओर जहां नई सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने और जल निकासी की समस्या के समाधान के लिए भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इन कार्यों से शहर की सूरत लगातार बदलती नजर आ रही है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के वरिष्ठ नेता चौधरी मुशीर अली खान ने नगर में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय में संभल नगर में जिस तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं, वह अपने आप में एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा सर्व समाज को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे शहर के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान कार्यकाल में जितना विकास संभल नगर में किया जा रहा है, उतना विकास पिछले किसी भी कार्यकाल में नहीं हुआ। नगर पालिका की प्राथमिकता है कि शहर के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कराए जाएं, ताकि हर नागरिक को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। स्थानीय लोगों ने भी नगर पालिका परिषद द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि आगे भी इसी तरह शहर में विकास कार्य जारी रहेंगे, जिससे संभल नगर की पहचान एक विकसित और व्यवस्थित शहर के रूप में बनेगी।

## रमजान का महीना रहमत और भाईचारे का संदेश देता है : एआईएमआईएम युवा मंच के जिलाध्यक्ष नूर मोहम्मद"

लोक तंत्र की शान, सैय्यद कुमैल ज़ैदी



**संभल :** पवित्र रमजान का महीना इस्लाम धर्म में बेहद अहम और बरकत वाला माना जाता है। यह महीना केवल रोज़ा रखने का ही नहीं बल्कि सब्र, इंसानियत और भाईचारे की भावना को मजबूत करने का भी संदेश देता है। यह बात नूर मोहम्मद, जिलाध्यक्ष, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन युवा मंच, संभल ने रमजान के पाक महीने के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना हमें भूख और प्यास सहकर आत्मसंयम, अनुशासन और अल्लाह की इबादत के करीब लाता है। उन्होंने कहा कि इस पवित्र महीने में लोग इबादत के साथ-साथ दान, ज़कात और सदका के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करते हैं, जिससे समाज में आपसी भाईचारा और बराबरी की भावना मजबूत होती है। नूर मोहम्मद ने कहा कि रमजान का असली उद्देश्य इंसान के अंदर प्रेम, सहिष्णुता और आपसी सम्मान की भावना को जागृत करना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस पाक महीने में आपसी सौहार्द, भाईचारा और शांति बनाए रखें तथा जरूरतमंदों की मदद करें।

## मालन नदी में पोल गिरने की समस्या को सांसद चंद्रशेखर आजाद द्वारा समाधान की ओर बढ़े कदम, कार्य का टेंडर जारी

लोक तंत्र की शान, (खिज़र अहमद)

**» वर्षों पुरानी समस्या का होगा समाधान, खुर्शीद मंसूरी मालन नदी में पोल गिरने से रोकने को जल्द शुरू होगा कार्य**



**नजीबाबाद।** नगर क्षेत्र से होकर गुजरने वाली मालन नदी में पोल गिरने की समस्या को लेकर लंबे समय से उठ रही चिंताओं के बीच अब समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। बताया जा रहा है कि इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए संबंधित विभाग द्वारा कार्य का टेंडर जारी कर दिया गया है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार इस गंभीर समस्या को लेकर वर्ष 2018 से लगातार प्रयास किए जा रहे थे। कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के समक्ष यह मुद्दा उठाया गया ताकि मालन नदी में गिरते पोलों की वजह से होने वाली संभावित दुर्घटनाओं और क्षेत्रवासियों की परेशानी का स्थायी समाधान निकाला जा सके। इसी क्रम में यह मामला क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के माध्यम से उच्च स्तर तक भी पहुंचा। माननीय सांसद चंद्रशेखर आज़ाद द्वारा भी इस महत्वपूर्ण विषय को दिशा की बैठक में प्रमुखता के साथ उठाया गया, जिसके बाद विभागीय स्तर पर कार्यवाही तेज हुई। अब संबंधित विभाग के अधिकारियों ने बताया है कि इस कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जल्द ही मालन नदी में पोल गिरने की समस्या के समाधान के लिए कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। एक्सईएन नजीबाबाद द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस संबंध में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित माननीय सांसद चंद्रशेखर आज़ाद को भी अवगत करा दिया गया है। कार्य शुरू होने के बाद मालन नदी क्षेत्र में लंबे समय से बनी यह समस्या समाप्त होने की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह कार्य जल्द शुरू होकर समय पर पूरा हो जाता है तो क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होगी और आने वाले समय में किसी बड़े हादसे की आशंका भी कम हो जाएगी। क्षेत्रवासियों ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए उम्मीद जताई है

## इस बार अंबेडकर जयंती पर ऐतिहासिक झांकी व कार्यक्रम का होगा आयोजन : महेंद्र आर्य

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुर :** शनिवार को अंबेडकर जन्मोत्सव समिति की एक आवश्यक बैठक का आयोजन मोहल्ला मनापुर में किया गया,बैठक में अंबेडकर जन्मोत्सव समिति हसनपुर की मुख्य अध्यक्ष चंचल सागर ने अंबेडकर उद्यान समिति मोहल्ला खेवान हसनपुर के अध्यक्ष बाबूराम जाटव का अपनी कार्यकारिणी के साथ स्वागत किया, अंबेडकर जन्मोत्सव समिति की अध्यक्ष श्रीमती चंचल सागर ने कहा कि अबकी बार झांकी का कार्यक्रम पुरानी परंपरा के अनुसार निर्धारित स्थान से प्रारंभ होकर अंबेडकर पार्क तक बहुत ही धूमधाम और भव्यता के साथ रहेगा जयंती का मुख्य कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी अंबेडकर पार्क हसनपुर में बहुत ही शानदार तरीके से बाबा साहब के जीवन चरित्र और प्रसंगों को बाहरी एवं नामी कलाकारों के माध्यम से उकेरा जाएगा, कार्यक्रम को अनुशासित एवं सुव्यवस्थित रखने में जन जन तक पहुंचकर लोगों को जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई, अंबेडकर उद्यान समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष बाबूराम सागर ने उद्यान समिति पार्क खेवान् में कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए अपनी कार्यकारिणी के साथ मंथन किया और अंबेडकर जन्मोत्सव समिति हसनपुर को झांकी कार्यक्रम एवं मंच के कार्यक्रम में सहयोग करने का आश्वासन दिया, अंबेडकर विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य ने कहा अब की बार झांकी का कार्यक्रम ऐतिहासिक होने जा रहा है इस वर्ष कार्यक्रम में ऐसी प्रतिभाओं को भी चिन्हित किया जा रहा है जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी योग्यता के आधार पर परचम लहराया है उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा, ऐसे परिवारों को भी चिन्हित किया जा रहा है जो परिवार अपने बच्चों को सीमित साधनों में उच्च शिक्षा के माध्यम से अपने बच्चों के भविष्य को संवारने का काम कर रहे हैं सम्मानित किया जाएगा, इस अवसर पर मास्टर छोटेलाल पूर्व प्रधानाचार्य, राजेंद्र गुड्डू, फतेहचंद रविदास जयंती के अध्यक्ष, डॉ राजेश कुमार, प्रशांत कुमार, महेंद्र सिंह आर्य, महेश जाटव, दारा सिंह, बृजपाल सिंह, सुशील भगत जी, मास्टर जगत सिंह, मास्टर रामपाल सिंह, विनय प्रताप सिंह, नवल कुमार आदि लोग उपस्थित रहे 1

## संक्षिप्त समाचार

### वैशाली इंजीनियरिंग कॉलेज में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** वैशाली के बिदुपुर स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में रमजान के पवित्र महीने के अवसर पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित इस महाविद्यालय के एकेडमिक बिल्डिंग परिसर में आयोजित यह कार्यक्रम आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक बना। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनंत कुमार ने कहा कि रमजान का महीना प्रेम, भाईचारा, इंसानियत और परस्पर सम्मान का संदेश देता है।



उन्होंने खुशी व्यक्त की कि बीटेक के छात्र-छात्राओं, प्रोफेसरों और कर्मचारियों ने मिलकर इस पवित्र आयोजन में भाग लिया। प्राचार्य ने ऐसे आयोजनों को एकता की भावना मजबूत करने वाला बताया। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में प्रो. दानिश अब्बास, डॉ. हसन इमाम, प्रो. इरफानूल हक, प्रो. अजीत दास, प्रो. अमन कुमार, डॉ. रविरंजन, डॉ. रजनीश कुमार, प्रो. अजीत कुमार, प्रो. सुमित लाल, प्रो. भूषण कुमार, प्रो. मुकेश कुमार सहित अन्य शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्राचार्य के निर्देश पर प्रो. दानिश अब्बास के मार्गदर्शन में यह आयोजन संपन्न हुआ। मोहम्मद साजिद रजा, मोहम्मद महताब आलम और हातिम अख्तर ने कार्यक्रम समन्वयक की भूमिका निभाई। मोहम्मद वशीउज्जमान, फरीद खान, मोहम्मद अरमान, अजकर सिद्दीकी, फतेह आलम, मोहम्मद तौसीफ और मोहम्मद अदनान जैसे स्वयंसेवकों ने व्यवस्थाओं में सक्रिय सहयोग दिया। इफ्तार के समय, महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य परिसर में एक साथ पंक्तिबद्ध होकर बैठे। खजूर, फल और विभिन्न पारंपरिक व्यंजनों से सजी इस दावत में सभी ने मिलकर भोजन किया। विशेष रूप से, हिंदू और मुस्लिम छात्रों ने एक ही पंक्ति में बैठकर इफ्तार किया और एक-दूसरे को रमजान की शुभकामनाएं दीं, जो सांप्रदायिक सौहार्द का उत्कृष्ट उदाहरण था।

### मोहनपुर कन्या पाठशाला में ड्यूटी पर सोती मिलीं प्रिंसिपल

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** वैशाली जिले के बिदूपुर प्रखंड स्थित मोहनपुर कन्या पाठशाला में प्रिंसिपल अनुपा सिंहा के रवैये से परेशान छात्र-छात्राओं और सैकड़ों ग्रामीणों ने हंगामा किया। शनिवार को प्रदर्शनकारियों ने प्रिंसिपल के तत्काल स्थानांतरण की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रिंसिपल पर ड्यूटी के दौरान सोने और गलत आचरण का आरोप लगाया है। स्थानीय निवासी धर्मवीर कुमार ने कहा कि प्रिंसिपल स्कूल के पास से गुजरने वाले लोगों पर गलत आचरण का आरोप लगाकर उन्हें फंसाने की धमकी देती हैं।



उन्होंने एक घटना का जिक्र किया, जिसमें प्रिंसिपल ने एक व्यक्ति की बाइक और मोबाइल पुलिस से पकड़वा दी थी। उस व्यक्ति का 'कसूर' केवल इतना था कि वह स्कूल के पास खड़े होकर अपने परिवार के सदस्य का इंतजार कर रहा था। ग्रामीणों ने प्रिंसिपल पर अन्य गंभीर आरोप भी लगाए। उनका कहना है कि जब कोई व्यक्ति हाई स्कूल के पास सैलून में दाढ़ी बनवाने आता है, तो प्रिंसिपल उस पर गलत निगाह से देखने का आरोप लगाकर उसका फोटो-वीडियो बना लेती हैं। इसके अलावा, ग्रामीणों ने विधानसभा चुनाव से पहले मेंटेनेंस के लिए आए ग्रांट में अनियमितता का आरोप लगाया। उनका कहना है कि बिना काम कराए ही महिलाओं से हस्ताक्षर करवा लिए गए थे और उन्हें 500 रुपए का भुगतान भी नहीं किया गया। ग्रामीणों ने इस 500 रुपए के स्रोत की जांच की मांग की है। आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रधान शिक्षिका अनुपा सिंहा को तत्काल स्थानांतरित करने और उनकी जगह किसी अन्य शिक्षक को नियुक्त करने की मांग की। उन्होंने प्रिंसिपल के आचरण के खिलाफ नारेबाजी भी की। घटना की सूचना मिलने पर वीरपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति को शांत करने का प्रयास किया। प्रधान शिक्षिका अनुपा सिंहा पिछले छह महीने से स्कूल में कार्यरत हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जब से उन्होंने कार्यभार संभाला है, तब से उनके आचरण से बच्चे और स्थानीय लोग परेशान हैं।

### काठगोदाम-ठाकुरनगर के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल ने काठगोदाम और ठाकुरनगर के बीच एक विशेष ट्रेन (05030/05029) चलाने की घोषणा की है। यह ट्रेन लखनऊ, गोरखपुर, छपरा, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी और कटिहार के रास्ते संचालित होगी। इसकी जानकारी पूर्व मध्य रेल हाजीपुर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। गाड़ी संख्या 05030 काठगोदाम-ठाकुरनगर स्पेशल 15 मार्च 2026, रविवार को काठगोदाम से सुबह 10:00 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन सोमवार को 02:05 बजे छपरा, 05:15 बजे बरौनी और 08:45 बजे कटिहार सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए रात 08:40 बजे ठाकुरनगर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 05029 ठाकुरनगर-काठगोदाम स्पेशल 18 मार्च 2026, बुधवार को ठाकुरनगर से सुबह 10:20 बजे रवाना होगी। यह गुरुवार को रात 10:20 बजे कटिहार, 01:15 बजे बरौनी एवं 05:15 बजे छपरा सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए रात 11:30 बजे काठगोदाम पहुंचेगी।

### मुजफ्फरपुर में पैसों के विवाद में युवक की हत्या



**लोकतंत्र की शान : मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में अपराधियों ने एक युवक की हत्या कर दी। शव घर से एक किलोमीटर दूर गांव से बाहर खेत में मिला है। पैसों के विवाद में वारदात को अंजाम दिया गया है। मृतक की पहचान पुतुल उर्फ शशि भूषण कुमार(32) के तौर पर हुई है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। डीएसपी टाउन-2 विनीता सिन्हा और सदर थानाध्यक्ष अश्मित कुमार पुलिसबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की टीम को भी बुलाया गया। घटना सदर थाना क्षेत्र के पताही (धोबी टोला) की है। पत्नी चंचल देवी ने आरोप लगाते हुए कहा कि पैसों के लेनदेन के विवाद में गला दबाकर हत्या की गई है। मेरे पति ने हर्ष से लगभग दो लाख रुपए का कर्ज लिया था। पैसों लौटाने का प्रेशर बना रहा था। लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा था। शुक्रवार रात बीमार दादी को घर छोड़कर लौट रहा था। रात 9 बजे आखिरी बार फोन पर बात हुई थी। हर्ष ने ही साजिश रचकर मेरे पति की हत्या कर दी। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि मृतक पुतुल शराब के अवैध कारोबार से जुड़ा था। सदर थाने में उसके खिलाफ मद्य निषेध अधिनियम के तहत कई मामले पहले से दर्ज है। हैरानी की बात यह है कि तलाशी के दौरान मृतक के पास से भी शराब बरामद की गई है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। क्या यह हत्या केवल पैसे के लेनदेन का नतीजा है या शराब सिंडिकेट के आपसी रंजिश का परिणाम। पुतुल की मौत के बाद उसके तीन छोटे बच्चों और पत्नी पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बड़ा बेटा महज 6 साल का है, जबकि दो बेटियां 5 और 3 साल की हैं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए एसपी ने किया यातायात थाना का निरीक्षण

लोकतंत्र की शान



**सहरसा, मोहम्मद ज़ियाउद्दीन, जिला संवाददाता।** जिले में यातायात व्यवस्था को बेहतर और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस अधीक्षक ने यातायात थाना, सहरसा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना के अभिलेखों, उपलब्ध संसाधनों तथा यातायात प्रबंधन से संबंधित व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रभावी और तकनीकी-सम्मत यातायात नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी कर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के साथ कार्य करना होगा। यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए इस दौरान 7 मैनपैक तथा 5 मेगाफोन उपलब्ध कराए गए। इन उपकरणों के माध्यम से ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल के बीच त्वरित संचार स्थापित करने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने में सहायता मिलेगी। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को आधुनिक संचार उपकरणों के समुचित उपयोग पर बल देते हुए निर्देश दिया कि इनके माध्यम से शहर में सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सहरसा पुलिस ने आमजन की सुरक्षा तथा बेहतर यातायात प्रबंधन के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता भी दोहराई।

# पटना वीमेंस कॉलेज स्टूडेंट काउंसिल इलेक्शन, 18 छात्राओं की दावेदारी




लोकतंत्र की शान , पटना

पटना वीमेंस कॉलेज में 16 मार्च को स्टूडेंट काउंसिल इलेक्शन होगा। इसके लिए 18 छात्राओं ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन किया है। आज सभी उम्मीदवार छात्राओं ने कैंपस में अपने एजेंडे का प्रचार-प्रसार किया। 5 पदों के लिए चुनाव होना है। इलेक्शन की जिम्मेदारी कॉलेज के पॉलिटिकल साइंस विभाग को दी गई है। जिसकी नोडल ऑफिसर डॉ. विनिता प्रियदर्शी हैं। 15 मार्च को ब्रेक रहेगा। वहीं, 16 मार्च को इलेक्शन होगा। इसी दिन परिणाम की घोषणा की जाएगी।

**इन पांच मुख्य पदों के लिए हो रहा है मुकाबला:** कॉलेज में मुख्य रूप से 5 पद प्रीज्वाइंटमियर, जनरल सेक्रेटरी, कल्चरल सेक्रेटरी, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी और एनवायर्नमेंट एंड डिसिप्लिन सेक्रेटरी के लिए चुनाव हो रहा है। नियम के अनुसार, इन पदों पर दूसरे स्थान (सेकंड हाईएस्ट वोट) पर रहने वाली छात्राओं को वाइस प्रीमियर, ज्वाइंट जनरल सेक्रेटरी, जॉइंट कल्चरल सेक्रेटरी, ज्वाइंट स्पोर्ट्स सेक्रेटरी और ज्वाइंट इन्वायरमेंट एंड डिसिप्लिन सेक्रेटरी के रूप में चयनित किया जाता है। इसके अतिरिक्त प्रिंसिपल नॉमिनी के तौर पर भी 2 छात्राओं का चयन होता है।

# पटना-किशनगंज में गैस एजेंसी के सर्वर डाउन

लोकतंत्र की शान , पटना

अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से देशभर में LPG की किल्लत हो गई है। बिहार में भी इसका असर साफ दिखाई दे रहा है। कई गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की लंबी लाइन लग रही है। लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। पटना, किशनगंज में गैस एजेंसी के बाहर 500m की लंबी लाइन लगी है। वहीं, गैस एजेंसी के सर्वर डाउन होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। लोगों का कहना है, '2 दिन से नंबर लगाने की कोशिश कर रहे, लेकिन सर्वर डाउन बता रहा।' मोतिहारी में प्रशासन ने एक किराना दुकानदार को अवैध तरीके से सिलेंडर की रिफिलिंग करने के मामले में गिरफ्तार किया है। दुकान से 3 खाली सिलेंडर, 1 भरा सिलेंडर, 4 नोजल और 11 छोटे रेगुलेटर जब्त किए गए हैं। वहीं खगड़िया में पुलिस की निगरानी गैस सिलेंडर बांटे जा रहे हैं। जमुई में कतार में खड़ी महिलाओं का कहना है, 'बहुत परेशानी हो रही है। 8-8 घंटे लाइन में लगने के बाद भी गैस नहीं मिल रहा। खाना नहीं बना पा रहे हैं।' दरभंगा में सुबह 6 बजे से लोग गैस एजेंसी के बाहर गैस के लिए लाइन में लगे हैं। हालात ऐसे बन गए हैं कि उपभोक्ताओं के बीच मारामारी की स्थिति बन गई। सिलेंडर की कमी के चलते गैस एजेंसी खुलने से पहले भीड़ जुट गई है। इधर, सिलेंडर की कमी का असर अब बाजार पर भी दिखने लगा है। गैस उपलब्ध नहीं होने की वजह से लकड़ी और कोयले की मांग बढ़ गई है, जिससे इनके दाम भी तेजी से बढ़े हैं। साथ ही इंडक्शन के दाम भी करीब पांच गुना तक बढ़ गए हैं। लोग बोले-एक मात्र अब इंडेक्शन ही ऑप्शन बचा है: पटना में गैस संकट के बीच लोग अब इंडक्शन चूल्हे की तरफ



तेजी से रुख कर रहे हैं। दीघा के रहने वाले भारत भूषण इंडक्शन चूल्हा खरीदने दुकान पहुंचे। उन्होंने बताया, 'गैस सिलेंडर की समस्या काफी बढ़ गई है। गैस के लिए नंबर लगाने के बाद भी समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो रहा है। ऐसे में रोजमर्रा का खाना बनाना मुश्किल हो गया है।' भारत भूषण ने कहा कि इन हालात में इंडक्शन चूल्हा ही एकमात्र विकल्प बचा है, इसलिए मजबूरी में उन्हें इसे खरीदना पड़ रहा है। दुकानदारों का भी कहना है कि गैस की कमी के कारण बड़ी संख्या में लोग अब इंडक्शन चूल्हे खरीद रहे हैं।




बाल संरक्षण के क्षेत्र में पारस्परिक बेहतर समन्वय हेतु प्रमंडल स्तरीय विचार गोष्ठी सह संवेदीकरण कार्यक्रम।

# उपेंद्र कुशवाहा के आवास पर आज एनडीए विधायकों की बैठक, राज्यसभा चुनाव को लेकर बनेगी रणनीति

लोकतंत्र की शान , पटना

बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए होने वाले चुनाव ने राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है। चार सीटों की तस्वीर लगभग साफ मानी जा रही है, लेकिन पांचवीं सीट को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और महागठबंधन के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। राज्यसभा चुनाव की रणनीति को लेकर आज उपेंद्र कुशवाहा के आवास पर एनडीए विधायक दल की बड़ी बैठक बुलाई गई है। गठबंधन के सभी विधायकों को 16 मार्च तक पटना में ही रहने का निर्देश दिया गया है। एनडीए की ओर से यह चुनाव उपेंद्र कुशवाहा के लिए राजनीतिक प्रतिष्ठा की लड़ाई माना जा रहा है। वहीं राष्ट्रीय जनता दल ने लगभग 243 करोड़ रुपये की संपत्ति वाले उद्योगपति नेता अमरेंद्र धारी सिंह को मैदान में उतारकर मुकाबले को और दिलचस्प बना दिया है।



**सम्राट चौधरी और संजय झा की मुलाकात:** इसी बीच आज उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात राज्यसभा चुनाव को लेकर अहम मानी जा रही है, जिसमें मौजूदा राजनीतिक हालात और चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक के बाद संजय झा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि, 'बिहार का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इसका फैसला समय आने पर बैठक में लिया जाएगा।' संजय झा ने विश्वास जताया कि, राज्यसभा चुनाव में एनडीए की जीत तय है और एनडीए सभी पांचों सीटों पर बड़े मार्जिन से जीत हासिल करेगा। संजय झा ने आगे कहा कि, इस चुनाव में विपक्ष के कुछ लोग भी उन्हें सहयोग करेंगे। संजय झा ने तंज कसते हुए कहा कि, जो लोग पहले मुख्यमंत्री बनने का दावा कर रहे थे, अब उनका क्या हुआ। एआईएमआईएम भी उनके साथ नहीं थी।' उन्हें भरोसा है कि विपक्ष के कुछ विधायक एनडीए के पक्ष में वोट करेंगे।

**♦ संजय झा बोले- हमें विपक्ष के कुछ लोग करेंगे सहयोग**

**लोजपा (आर) विधायकों की एक अहम बैठक:** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश कार्यालय में भी विधायकों की एक अहम बैठक बुलाई गई है। यह बैठक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित की जा रही है, जिसमें सभी विधायकों को शामिल होने के लिए कहा गया है। बैठक में राज्यसभा चुनाव को लेकर रणनीति और मतदान प्रक्रिया पर चर्चा होने की संभावना है।

# सोशल मीडिया पर गैस एजेंसियों की मॉनिटरिंग

लोकतंत्र की शान , पटना

गैस क्राइसिस को लेकर बिहार पुलिस मुख्यालय स्तर से भी गाइडलाइन जारी की गई है। इसके मुताबिक, जमाखोरी और कालाबाजारी करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिए गए हैं। व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोकल स्तर पर गैस एजेंसी के बाहर पुलिस और पदाधिकारी अपने अपने इलाके की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

**फर्जी गैस एजेंसियों के नाम से मैसेज सर्कुलेट:** इसी बीच सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ फर्जी गैस एजेंसियों के नाम से मैसेज सर्कुलेट होते देखे गए हैं। जिनके पास कोई डॉक्यूमेंट नहीं है। बावजूद इसके विकास, सुरेश, राज इत्यादि के नाम से लोगों से गैस सिलेंडर के नाम पर ठगी के फिराक में हैं। ऐसे लोगों के



खिलाफ साइबर पुलिस सख्ती बरत रही है।

**फेसबुक, यूट्यूब समेत सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग:** पटना साइबर थाने के SHO नीतीश चंद्र धारिया ने बताया कि, 'सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग की जा रही है। खासकर के फेसबुक, इंस्टाग्राम पर फर्जी ऐड निकालकर गैस सिलेंडर मुहैया कराने वालों पर नजर रख रहे हैं। गैस सिलेंडर मुहैया कराने के नाम पर एक भी फर्जी ऐड अगर पाया गया तो उस यूआरएल के खिलाफ साइबर थाने की पुलिस अपने स्टेटमेंट पर केस रजिस्टर्ड कर कार्रवाई करेगी।'

# अवैध मलबा फेंकने पर लगेगा 1500 रूपये का जुर्माना

लोकतंत्र की शान , पटना

**पटना में निर्माण सामग्री के लिए हर अंचल में बनाया डंपिंग पॉइंट, घर पहुंच सुविधा भी**

पटना नगर निगम ने प्रदूषण के रोकथाम के लिए एक विकल्प निकाला है। अब नागरिकों को निर्माण और विध्वंस सामग्री (C&D वेस्ट) के निष्पादन के लिए प्वाइंट दिया जा रहा है। इसके साथ ही पटना नगर निगम द्वारा इस निर्माण सामग्री के कचरे को कलेक्ट किया जाएगा। इस सुविधा के लिए आम नागरिकों को प्रति फेरा 600 रूपये शुल्क देना होगा। इसके लिए पटना नगर निगम के हेल्पलाइन नंबर 155304 और वाट्सअप चैट बोट नंबर 9264447449 पर संपर्क कर सकते है।

**अवैध मलबा फेंकने पर 1500 रूपये का लगेगा जुर्माना:** इसके साथ ही पटना नगर निगम द्वारा नियम का उल्लंघन करने वालों को 1500 रूपये जुर्माना लिया जाएगा। कहीं भी मलबा नजर आने पर न सिर्फ उसे जब्त किया जाएगा बल्कि जिम्मेदार को जुर्माना भी देना होगा। निगम ने 696 निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान धूल नियंत्रण मानकों का पालन नहीं करने वाले 49 स्थलों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें बंद किया गया और जुर्माना लगाया गया।

इस कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले निर्माण स्थलों से कुल 1,54,100 रुपये की जुर्माना राशि वसूली गई। पटना नगर निगम द्वारा प्रदूषण के रोकथाम के लिए रोड की धुलाई, पानी का छिड़काव सहित अन्य सफाई के कार्य किए जा रहे हैं। सार्वजनिक जगहों पर स्वीपिंग मशीन, एंटी स्मॉग गन और वाटर स्प्रिंकलर से दो पाली में सफाई और धुलाई की जा रही है।

# जेपी गंगा पथ पर लगेगी 50 प्री-फैब्रिकेटेड दुकानें

लोकतंत्र की शान , पटना

पटना के जेपी गंगा पथ के किनारे जल्द ही आधुनिक डिजाइन की प्री फैब्रिकेटेड दुकानें दिखाई देंगी। गंगा पथ पर लगे 4 प्रस्तावित डिजाइनों में से 2 डिजाइनों को फाइनल कर लिया गया है। पटना स्मार्ट सिटी के नई परियोजना के तहत अब 50 दुकानों का निर्माण किया जाएगा। इन्हें दो महीने के अंदर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। दुकानों के निर्माण और स्थापना के लिए एजेंसी चयन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। नई दुकानों को तैयार करने में करीब 7.18 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

**50 प्रीफैब दुकानें बनाई जाएंगी:** परियोजना के मुताबिक, कुल 50 प्रीफैब दुकानें बनाई जाएंगी। इनमें से 45 दुकानें 16 फुट लंबी, 10 फुट चौड़ी और 9 फुट ऊंची होंगी। इसके अलावा पांच दुकानें 20 फुट लंबी, 10 फुट चौड़ी और 9 फुट ऊंची बनाई जाएंगी। सभी दुकानों का डिजाइन एक समान आधुनिक लुक में होगा, ताकि पूरा क्षेत्र व्यवस्थित और आकर्षक दिखाई दे। प्रीफैब्रिकेटेड तकनीक से बनने के कारण दुकानों को कम समय में तैयार कर स्थापित किया जा सकेगा।




**दो महीने के भीतर तैयार करने का लक्ष्य:** पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक यशपाल मीणा ने बताया कि, 'एजेंसी चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है और जल्द ही कार्यादेश जारी किया जाएगा। नई दुकानों को दो महीने के भीतर तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। इसे आधुनिक तकनीक से तैयार की जाएंगी, ताकि गंगा पथ पर सुव्यवस्थित और सुंदर व्यावसायिक क्षेत्र विकसित हो सके। तीन साल तक नयी दुकानों के रखरखाव की जिम्मेदारी एजेंसी की होगी।'

**10-10 के पांच समूहों में लगाई जाएगी दुकानें:** जेपी गंगा पथ पर दुकानों को 10-10 के पांच समूहों में लगाया जाएगा। हर समूह में 16 फुट आकार की 9 दुकानें और 20 फुट आकार की एक दुकान होगी। इस तरह का लेआउट रखने से जगह का बेहतर उपयोग होगा और देखने में भी क्षेत्र संतुलित लगेगा। दुकानों में बिजली, ड्रेनेज, प्लंबिंग, एलइडी लाइटिंग, ऊर्जा बचत वाले उपकरण और ब्रांडिंग की सुविधा रहेगी। सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा।

**दो मॉडल हुआ फाइनल, 7.18 करोड़ रुपये होंगे खर्च, दो महीने में होगा तैयार**

**जीविका दीदीयों को सौंपी जाएगी पुरानी प्री-फैब्रिकेटेड दुकानें:** जेपी गंगा पथ से हटाई गई प्री-फैब्रिकेटेड दुकानें अब जीविका को सौंप दी जाएगी। इन दुकानों का उपयोग ग्रामीण महिलाओं के लिए किया जाएगा, ताकि वे इससे अपने व्यवसाय को शुरू कर सकें। जीविका दीदी इन दुकानों की तय राशि का भुगतान अगले पांच वर्षों में किस्तों में करेगी। इससे दुकानें बर्बाद होने से भी बच जाएगी। जीविका ने जनवरी 2026 में स्मार्टसिटी को करीब 200 प्री-फैब्रिकेटेड दुकानों के उन्हें देने की मांग की थी। गंगा पथ पर करीब 15.45 करोड़ रुपये से 500 दुकानें वेंडिंग जोन विकसित करने के लिए लगायी जा रही थी।

## संक्षिप्त समाचार

### नारनौल: केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 1462 विद्यार्थियों को मिली डिग्रियां

**लोकतंत्र की शान : नारनौल।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) महेंद्रगढ़ का 12वां दीक्षांत समारोह शनिवार को विश्वविद्यालय परिसर में धूमधाम से आयोजित किया गया। समारोह में भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान कीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू और आईआईटी रोपड़ के निदेशक डॉ राजीव आहुजा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। दीक्षांत समारोह के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रमों में सफल रहे विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। इसके साथ ही शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक राजीव कौशिक के अनुसार इस वर्ष कुल 1462 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। इनमें 557 स्नातक, 827 स्नातकोत्तर और 78 शोधार्थियों को पीएचडी की डिग्री दी गई। पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने वालों में 40 महिलाएं और 38 पुरुष शामिल हैं। कुल डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में 797 छात्र और 665 छात्राएं रहीं। वहीं शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए 50 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए, जिनमें 30 छात्राएं और 20 छात्र शामिल हैं। इस प्रकार एक बार फिर विश्वविद्यालय की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। समारोह के दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों को जीवन में कड़ी मेहनत, अनुशासन और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और देश के विकास में योगदान देना भी इसका महत्वपूर्ण उद्देश्य है। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक और शिक्षक मौजूद रहे।

### फतेहाबाद : नकली सोना गिरवी रखकर बैंक से 5.84 लाख रुपये का गोल्ड लोन लेने वाला गिरफ्तार

**लोकतंत्र की शान : फतेहाबाद।** बैंक के साथ जालसाजी कर फर्जी गोल्ड लोन लेने के मामले में कार्रवाई करते हुए इकनोमिक सैल फतेहाबाद की टीम ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हिसार जिले के पाबड़ा गांव निवासी रामनिवास के रूप में हुई है। इकनोमिक सैल प्रभारी निरीक्षक संदीप ने शनिवार को बताया कि एचडीएफसी बैंक, भूना शाखा के अधिकृत अधिकारी अजीत राणा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज करवाई थी कि मई 2024 में आरोपी रामनिवास ने बैंक से गोल्ड लोन के लिए आवेदन किया था। आरोपी ने सुरक्षा के तौर पर 4 चूडियाँ और 1 पेंडेंट जिनका कुल वजन 122.90 ग्राम था, बैंक के पास गिरवी रखे थे। बैंक ने इन आभूषणों के बदले आरोपी को 5 लाख 84 हजार रुपये का गोल्ड लोन जारी कर दिया। आरोपी ने लोन लेने के बाद एक भी किस्त जमा नहीं करवाई। सितंबर 2025 में जब बैंक ने नीलामी प्रक्रिया के लिए आभूषणों की दोबारा जांच करवाई, तो बैंक के अधिकृत वैल्यूअर ने पाया कि गिरवी रखे गए आभूषणों में 75 प्रतिशत सोना नकली था और केवल 25 प्रतिशत ही असली सोना ऊपर से मढ़ा गया था। आरोपी ने जानबूझकर बैंक को धोखा देने की नियत से घटिया गुणवत्ता के नकली आभूषण जमा करवाए थे। जांच रिपोर्ट और कानूनी राय के आधार पर थाना भूना में पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी रामनिवास को गिरफ्तार कर लिया है।

### रेल दावा अधिकरण, जयपुर पीठ में लोक अदालत का सफल आयोजन

**लोकतंत्र की शान : जयपुर।** रेल दावा अधिकरण, जयपुर न्यायपीठ में शनिवार को लोक अदालत का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें वादकारियों को त्वरित और प्रभावी राहत प्रदान करने हेतु मामलों का सौहार्दपूर्ण निस्तारण किया गया। इस लोक अदालत में जी. एस. हीरा, सदस्य (तकनीकी), राजीव जैन, सदस्य (न्यायिक), महेश चंद जेवलिया, प्रेज़ेंटिंग ऑफिसर, अतिरिक्त रजिस्ट्रार, रेल दावा अधिकरण, जयपुर, अधिकरण के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। लोक अदालत में कुल 17 मामलों को सूचीबद्ध किया गया था, जिनमें से 16 मामलों का निस्तारण आपसी सहमति से किया गया। इन मामलों में मृत्यु एवं घायल दोनों प्रकार के दावे शामिल थे। लोक अदालत में कुल एक करोड उन्नीस लाख चालीस हजार रुपये की राशि 6% ब्याज सहित स्वीकृत की गई, जिससे अनेक प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत मिली। रेल दावा अधिकरण, जयपुर पीठ, रेल दुर्घटनाओं एवं असामयिक घटनाओं से प्रभावित व्यक्तियों को शीघ्र एवं प्रभावी राहत प्रदान करने के अपने दायित्व के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। लोक अदालत का सफल आयोजन इस प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करता है।

### समपार फाटकों पर संरक्षित रेल संचालन को लेकर अलर्ट मोड़ पर बीकानेर रेल मंडल

**लोकतंत्र की शान : बीकानेर।** उत्तर-पश्चिम रेलवे के बीकानेर रेल मंडल पर रेलवे प्रशासन द्वारा समय-समय पर रेल उपभोक्ताओं एवं आमजन को समपार (फाटक) पार करने तथा रेल संरक्षा से संबंधित नियमों के बारे में जागरूक किया जाता है। इसके अंतर्गत नुक्कड़ नाटक एवं संरक्षा सेमिनारों के माध्यम से लोगों को बताया जाता है कि समपार फाटक बंद होने की स्थिति में किसी भी प्रकार से अवैध रूप से फाटक पार नहीं करें और न ही फाटक के बूम के नीचे से निकलने का प्रयास करें। रेलगाड़ी के पूर्ण रूप से फाटक पार करने के बाद जब गेटमैन द्वारा फाटक खोला जाए, तभी रेल उपभोक्ता एवं आमजन को समपार फाटक पार करना चाहिए। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक भूपेश यादव के अनुसार रेलवे द्वारा समपार फाटकों पर सामान्य एवं कानूनी नियमों से संबंधित सूचना पट्ट लगाए गए हैं, जिनका पालन करना प्रत्येक सड़क उपयोगकर्ता (आम नागरिक) का दायित्व है।

# एएसआई पर लगा मारपीट का आरोप पुलिस अधीक्षक से हुई शिकायत

» जिले के भुईमाड़ थाने में पदस्थ है एएसआई गोपाल सिंह

लोकतंत्र की शान (ऋचा पाण्डेय)

**सीधी।** जिले के भुईमाड़ थाने में पदस्थ एक एएसआई पर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चंदरशा निवासी एक युवक ने मारपीट करने सहित अन्य गम्भीर आरोप लगाए हैं, पीड़ित युवक ने उक्त मामले की शिकायत शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए कार्यवाही की मांग उठाई है। तत्संबंध में पीड़ित धर्मराज सिंह पिता चंद्रपाल सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि वह 01 मार्च को घर का सामान लेने भुईमाड गया था तथा भुईमाड़ से वापस अपने घर आ रहा था, किन्तु रास्ते में प्रार्थी का पेट दर्द करने लगा, जिस कारण पास स्थित बंधा में शौंच के लिये गया, पेट में ज्यादा दर्द होने के कारण बंधा की मेड में लेट गया, इसी बीच पुलिस थाना भुईमाड़ में पदस्थ एएसआई गोपाल सिंह आए और मुझे मां, बहन की गंदी गंदी गालियां देने लगे, तब डर के मारे मैं खड़ा हो गया,




जिस पर गोपाल सिंह प्रार्थी को वहीं पर लात से मार दिए, जिससे प्रार्थी गिर गया, तत्पश्चात् उक्त गोपाल सिंह प्रार्थी को घसीटकर गाड़ी में बैठा लिया और थाने नहीं ले गया, बल्कि थाने के पास ही स्थिति पुलिस कॉलोनी में ले गया और एक कमरे में बंद कर प्रार्थी से अपने घर वालों से अभी 20,000 रूपये मंगवाओ, तो तुझे छोंड दूंगा, नहीं तो किसी गंभीर अपराध में फंसाकर पड़रा भेज दूंगा, वहीं दो-चार साल सड़ता रहेगा, जब प्रार्थी द्वारा पैसा देने से इंकार किया, तो प्रार्थी के साथ लाठी से मार पीट की गई, जब प्रार्थी दर्द के कारण चिल्लाने लगा तो हांथ, पैर बांधकर मुंह में कपड़ा डालकर पैर में करेन्ट लगाने लगा, करेन्ट के कारण वह बेहोश हो गया, जब प्रार्थी बेहोश हो गया, तो उसे वहीं छोड़ दिया, तत्पश्चात् दिनांक 02 मार्च 26 को सुबह होने पर थाने ले गया और 02 मार्च को तहसीलदार कुसमी के समक्ष पेश किया, जब पीड़ित अपनी पूरी व्यथा तहसीलदार को सुनाया तो उसे छोड़ दिया गया, किन्तु आज दिनांक तक यह नहीं बताया गया कि उसे किस मुकदमें में गिरफ्तार कर, उसके साथ मारपीट कर किस जुर्म में तहसीलदार के समक्ष पेश किया।

#### करेंट से भी झटका देने का है आरोप

पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त एएसआई गोपाल सिंह द्वारा मेरे साथ किये गये मारपीट से उसे गंभीर चोंटे आईं, जिससे आज भी चलने में असमर्थ है तथा आज भी पैर में करेन्ट लगाने के निशान के बने हुए हैं तथा पीड़ित का मोबाइल भी एएसआई गोपाल सिंह छुड़ा लिए हैं। पीड़ित धर्मराज सिंह ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी एएसआई गोपाल सिंह मुझे अपने आवास में ले जाकर मुंह बांधकर मारपीट करने के साथ साथ करेंट से भी दागा गया है जिसके निशान आज भी शरीर में मौजूद है, इतनी बेरहमी के साथ मारपीट करने के चलते पीड़ित अभी भी चलने फिरने में असमर्थ हैं।

## फतेहाबाद : सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक का दरवाजा तोड़कर की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

लोकतंत्र की शान

**फतेहाबाद।** टोहाना के गांव समैण स्थित दि फतेहाबाद सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक का दरवाजा तोड़कर चोरी करने के मामले को सुलझाते हुए सदर टोहाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अर्जुन के रूप में हुई है। थाना सदर टोहाना प्रभारी उप निरिक्षक सादीराम ने शनिवार को बताया कि समैण ब्रांच के बैंक मैनेजर राम प्रताप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 26 दिसंबर 2025 को बैंक बंद करने के बाद, लगातार दो दिन की छुट्टियां थीं। 29 दिसंबर को जब सफाई कर्मचारी ने बैंक खोला, तो देखा कि पीछे का दरवाजा टूटा हुआ था। अज्ञात चोरों ने बैंक में घुसकर काफी तोड़-फोड़ की थी। आरोपियों ने बैंक का एटीएम तोड़ दिया था। एटीएम रूम से 8 बैटरियां और एसी की कूलिंग पाइप चोरी कर ली गई थी। चोरों ने कैशियर केबिन का शीशा तोड़कर कैश सेफ को भी तोडने की कोशिश की थी, जिससे बैंक का काफी नुकसान हुआ। बैंक मैनेजर की शिकायत पर थाना सदर



टोहाना में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस टीम ने वैज्ञानिक साक्ष्यों और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर आरोपी अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया गया है।

## घरेलू गैस सिलेंडरों के वितरण की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल, उपभोक्ता परेशान : कांग्रेस

लोकतंत्र की शान

**सीधी।** जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के वितरण को लेकर कांग्रेस ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस का कहना है कि गैस सिलेंडरों की कथित कालाबाजारी और अनियमित वितरण के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं के अनुसार सरकार भले ही गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता का दावा कर रही हो, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति इससे बिल्कुल अलग दिखाई दे रही है। उपभोक्ताओं द्वारा ऑनलाइन बुकिंग करने के बाद भी कई-कई दिनों तक सिलेंडर की डिलीवरी नहीं हो पा रही है। कई लोगों को एक सप्ताह तक इंतजार करना पड़ रहा है, वहीं गैस एजेंसियों के बार-बार चक्कर लगाने के बावजूद भी उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पा रहा। कांग्रेस का आरोप है कि कई उपभोक्ताओं के मोबाइल पर सिलेंडर डिलीवरी का मैसेज भी भेज दिया जाता है, जबकि वास्तव में उन्हें सिलेंडर प्राप्त नहीं होता। इससे पूरी व्यवस्था की पारदर्शिता और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ गैस एजेंसियों में कार्यरत कर्मचारी उपभोक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे हैं, जिससे आम जनता की परेशानी और बढ़ रही है। कांग्रेस ने जिला प्रशासन



से मांग की है कि गैस एजेंसी संचालकों को सख्त निर्देश दिए जाएं कि ऑनलाइन बुकिंग के बाद निर्धारित समय-सीमा के भीतर सिलेंडर की डिलीवरी सुनिश्चित की जाए। साथ ही गैस एजेंसियों के वितरण तंत्र की निगरानी के लिए प्रशासनिक स्तर पर जिम्मेदार अधिकारियों या प्रतिनिधियों की नियुक्ति की जाए, ताकि कालाबाजारी और अनियमितताओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो पार्टी आम उपभोक्ताओं के हित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

## शिक्षक संघ ने मातृशक्ति का सम्मान कर मनाया महिला दिवस

लोकतंत्र की शान

**सीधी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की जिला इकाई सीधी द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई हाईस्कूल सीधी में मातृशक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पांडे की सकारात्मक सोच एवं प्रयास से हुआ। कार्यक्रम में समाज निर्माण और राष्ट्र सेवा के क्षेत्र में सक्रिय मातृशक्तियों का शाल, श्रीफल, उपहार एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्रीमती आरती पाण्डेय प्राचार्य, रंजना द्विवेदी प्राचार्य, रचना मिश्रा संचालिका, मंजू रामजी शुक्ला संचालिका, रंजना शर्मा शिक्षिका एवं कवित्री तथा वीणा दीक्षित शिक्षिका एवं समाज सेविका को उनके सामाजिक एवं राष्ट्रनिर्माण में योगदान के लिए अलंकृत किया गया। कार्यक्रम में संघ के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय ने सभी अतिथियों का स्वागत करते




हुए कहा कि संगठन मातृशक्ति द्वारा किए जा रहे राष्ट्र निर्माण के कार्यों के प्रति कृतज्ञ है और उनके योगदान को नमन करता है। संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं साहित्य प्रकोष्ठ के प्रांत प्रमुख राजबहोर पाठक ने अपने संबोधन में मातृशक्तियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि मातृशक्ति करुणा, दया, क्षमा और सृजन की प्रतीक है तथा समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। कार्यक्रम में आरती पाण्डेय, कमलेश शुक्ल तथा कमलापति गौतम ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के पूजन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। अतिथियों को बैच लगाकर सम्मानित करने में संघ की पदाधिकारी बहनें निकिता सोनी और साधना मिश्रा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन संघ के जिला सचिव रामजी शुक्ल ने किया तथा आभार प्रदर्शन विकासखण्ड सीधी के अध्यक्ष कुमुद पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र तिवारी, संगठन मंत्री शिव शंकर सिंह चौहान, श्रावण शुक्ल, आदर्श शुक्ला, संजय तिवारी सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत सीईओ के खिलाफ लामबंद हुए सरपंच-उपसरपंच

लोकतंत्र की शान

**सीधी। (ऋचा पाण्डेय की रिपोर्ट)** जिला पंचायत के सीईओ शैलेन्द्र सिंह सोलंकी पर भ्रष्टाचार और अपनी मर्जी चलाने के आरोप लगा हैं। जिले के सरपंचों, जनपद सदस्यों और जिला पंचायत सदस्यों का कहना है कि सीईओ सचिवों के तबादले में गड़बड़ी कर रहे हैं। जिसके चलते नाराज जनप्रतिनिधियों ने 23 मार्च को जिला पंचायत दफ्तर घेरने की चेतावनी दी है। जनपद सदस्य उर्मिला साकेत की अगुवाई में सैकड़ों जनप्रतिनिधि कलेक्ट्रेट पहुंचे और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि सीईओ पैसों के लेनदेन के आधार पर सचिवों के तबादले कर रहे हैं। आरोप है कि पहले वह तबादले का आदेश निकालते हैं और फिर उसे बदलकर नया आदेश जारी कर देते हैं। नेताओं का कहना है कि कई सचिवों को तो छह महीने के भीतर ही तीन-तीन बार अलग-अलग पंचायतों में भेज दिया गया। कुछ मामलों में तो सचिव को तबादले के बाद दोबारा उसी पुरानी जगह पर भेज दिया गया जहां वह पहले तैनात था। नियमों के मुताबिक किसी सचिव का तबादला दो साल से पहले नहीं होना चाहिए, सिवाय तब जब उसकी कोई बड़ी शिकायत न हो। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि इन बार-बार के तबादलों से पंचायतों का काम बिगड़ रहा है।




भाजपा नेता एवं अधिवक्ता अंबुज पांडे ने कहा कि अफसर अपने ही आदेशों को कभी गलती तो कभी कोई और बहाना बताकर बदल देते हैं जो कि सीधे तौर पर अपनी मनमानी चलाना चाहते है।

#### कलेक्टर के पास पहुंचा ज्ञापन

ज्ञापन लेने के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए तहसीलदार राकेश शुक्ला ने बताया कि यह शिकायत कलेक्टर तक पहुंचा दी जाएगी और उसके बाद ही आगे की कार्रवाई होगी। दूसरी तरफ जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को 10 दिन का समय दिया है। उन्होंने साफ चेतावनी दी है कि अगर मामले की जांच कर कार्रवाई नहीं हुई तो 23 मार्च को जिला पंचायत कार्यालय का बड़ा घेराव बड़ी संख्या में लोगों के साथ किया जाएगा।

#### चर्चा में रहा है सीईओ की शिकायत का मामला

कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंची त्रिस्तरीय पंचायत जनप्रतिनिधियों की भीड़ ने जैसे ही सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे, समूचे परिसर में हड़कंप मच गया। बता दें कि जिला पंचायत कार्यालय में मनमानी की शिकायत इनकी पदस्थापना के बाद से ही मिलने लगी थी, अब तो निर्वाचित जनप्रतिनिधि खुल कर सामने आ गए हैं। ज्ञापन के अनुसार अगर 10 दिनों के भीतर संतोषजनक कार्यवाही नहीं होती है तो बड़ा आंदोलन होने से कोई रोक नहीं सकता है।

## अग्निवीर के तौर पर भारतीय सेना में शामिल होने के लिए पंजीकरण खुले

लोकतंत्र की शान

**जयपुर।** अग्निवीर और रेगुलर कैडर सैनिक के तौर पर भारतीय सेना में शामिल होने के लिए पंजीकरण विंडो एक अप्रैल 2026 तक खुली है। राजस्थान के रहने वाले युवा उम्मीदवार भारतीय सेना में भर्ती के लिए जल्द से जल्द अपना पंजीकरण करा सकते हैं। जन संपर्क अधिकारी (रक्षा) ले कर्नल निखिल धवन के अनुसार उम्मीदवार अग्निवीर (सामान्य ड्यूटी), अग्निवीर (तकनीकी) अग्निवीर (लिपिक/स्टोर कीपर तकनीकी), अग्निवीर ट्रेडसमैन (10वी पास), अग्निवीर ट्रेडसमैन (8वी पास) श्रेणियों के साथ साथ जेसीओ/ओआर रैंक के लिए धार्मिक शिक्षक जूनियर कमीशन अधिकारी, हवालदार शिक्षा, सिपाही फार्मा और सैनिक तकनीकी (नर्सिंग अस्सिस्टेंट/ नर्सिंग अस्सिस्टेंट वेटनरी) के लिए भी आवेदन कर सकते है। महिला उम्मीदवार अग्निवीर सामान्य ड्यूटी (महिला सेना पुलिस) के लिए आवेदन कर सकती है। भर्ती वर्ष 2027 के लिए पंजीकरण जेआईए (ज्वाइन इंडियन आर्मी) वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.




in पर एक अप्रैल 2026 तक की जा सकती है। उन्होंने बताया कि विस्तृत जानकारी और सहायता के लिए, उम्मीदवारों से अनुरोध है की वे अपने सेना भर्ती कार्यालय से संपर्क करें, जिनके संपर्क विवरण और पते भारतीय सेना के वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

## सोन घड़ियाल प्रतिबंधित क्षेत्र से हो रहा रेत का कारोबार

» बीट गार्ड ने विभाग एवं पुलिस पर सहयोग न करने का लगाया आरोप

लोकतंत्र की शान

**सीधी।** सदियों से सीधी जिले के दर्जन भर ग्रामों की जीवन रेखा एवं जीवन दायिनी रही बनास नदी का अस्तित्व अवैध रेत उत्खनन के कारण खतरे में पड़ता जा रहा है हद तो तब हो जाती है जब सोन घड़ियाल के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र बीट परसिली में भी धड़ल्ले से रेत का कारोबार जेसीबी मशीन एवं हाइवा के माध्यम से हो रहा है जिस पर बीट गार्ड विनीत मिश्रा के द्वारा आरोप लगाया गया कि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का एवं पुलिस का सहयोग न मिलने के कारण इस तरह रेत का कारोबार हो रहा है। अगर इनका सहयोग मिले तो एक ग्राम रेत की निकासी नहीं हो



सकती।

स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक रेत का कारोबार रात में होता है जहां जेसीबी मशीन से उत्खनन कर बड़े-बड़े हाईवे एवं ट्रैक्टरों में रेत लोड होकर परिवहन होता है वहीं परसिली में ही रेत का भंडारण किया जाता है फिर वहां से सप्लाई होता है। ऐसे में सवाल उठता है कि चमराडोल बैरियर के पास सोन घड़ियाल के बीट गार्ड एवं वन विभाग के बीट गार्ड व डिप्टी रेंजर का आवास रहता है फिर भी पूरी रात रेत का कारोबार होता है। इतना ही नहीं प्रतिबंधित क्षेत्र से रेत उत्खनन कर लगभग 1 किलोमीटर वन विभाग की सीमा से निकासी होती है जिस कारण रेत उत्खनन परिवहन बंद करने के लिए दोनों विभाग की जिम्मेदारी होती है।अन्यथा दोनों विभाग पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

#### खतरे में पड़वारी नदी का अस्तित्व

चमराडोल सहित आधा दर्जन ग्रामों के लिए सिंचाई एवं पशुओं को पानी देने वाली बारहमासी बहने वाली पड़वारी नदी का अस्तित्व रेत उत्खनन से दम तोड़ दिया। ग्रामीणों के मुताबिक यह नदी बारहमासी बहती थी लेकिन कुछ वर्षों से रेत उत्खनन के कारण दिसंबर जनवरी में ही सूख जाती है जिससे किसानों की फसल सूख जाती है और गर्मी में पशुओं के लिए पानी की भारी समस्या हो जाती है।इतना नहीं जल स्तर भी काफी नीचे चला गया है।यहां से रेत उत्खनन कर जंगल सीमा से निकासी होती है जिस कारण सवाल यहां भी पैदा होता है।

## विंध्य की बेटी ने बढ़ाया देश में मान

» विंध्य प्रदेश की बेटी साक्षी पाण्डेय लेफ्टिनेंट बनकर आज आयेगी गृह जिला सीधी

» गत वर्ष सितंबर में हुआ हुआ था चयन, रीवा सम्भाग की पहली युवती सेना में अधिकारी बनी है

लोकतंत्र की शान

**सीधी।** गत वर्ष सेना में अधिकारी के पद पर चयन परीक्षा में रीवा सम्भाग के सीधी जिले के चुरहट विधानसभा के रामपुर नैकिन थाना के पड़खुरी गांव की लाडली बेटी साक्षी पाण्डेय पिता हरिप्रसाद पाण्डेय माता अमृता पाण्डेय का हुआ था ,साक्षी पाण्डेय ने चेन्नई में प्रशीक्षण पूरा कर लेफ्टिनेंट बन गई है,जानकारों के अनुसार भारतीय सेना में महिला अधिकारी के तौर पर मध्यप्रदेश के रीवा सम्भाग में पहला चयन हुआ है। अव तक सेना में विंध्य क्षेत्र से कोई महिला देश सेवा के लिए चयनित नहीं हुई थी इस नाते साक्षी पाण्डेय ने कीर्तिमान स्थापित किया है।

**शुरू से होनहार थी साक्षी पाण्डेय**-सेना में लेफ्टिनेंट बनी साक्षी का जन्म पड़खुरी गांव में हुआ तो साक्षी पाण्डेय की शिक्षा दीक्षा सीधी शहर के गांधी हाई स्कूल में हुई तो हाई स्कूल की शिक्षा 9वीं 10वीं मॉरिसन पब्लिक स्कूल एवं 11वीं 12वीं ज्योत्सना पब्लिक स्कूल सीधी में हुई तो स्नातक शिक्षा मैथ से गृहण किया तो संजय गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी से बी एस सी की परीक्षा पास कर तैयारी करने लगी साक्षी ने दिल्ली में रहकर तैयारी की सेना के लिए आवेदन कर परीक्षा दी तो पहले ही प्रयास में उनका चयन हो गया जो सितंबर 2025मे ट्रेनिंग के लिए चेन्नई गयी थी 7मार्च को प्रशिक्षण पूरा हुआ तो उनके माता-पिता को बुला कर गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया साक्षी के आज प्रशीक्षण उपरांत सीधी पहुंचने की जानकारी दी गई है। बधाई देने वालों की लगी कतार




भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनने वाली रीवा सम्भाग की पहली महिला कुमारी साक्षी पाण्डेय को बधाई देने वालों की लम्बी कतार लगी हुई है सांसद डा राजेश मिश्रा सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक,चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल सहित अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि साक्षी के घर पहुंच कर बधाई शुभकामनाए दे रहे हैं।


## संक्षिप्त समाचार

### मिडिल-ईस्ट तनाव, ट्रैवल सेक्टर को रोज 5500 करोड़ का नुकसान

**नई दिल्ली।** ईरान पर इजराइल और अमेरिका के हमले और मिडिल-ईस्ट में ईरान के हमलों के चलते टूरिस्म इंडस्ट्री को बहुत नुकसान हो रहा है। वर्ल्ड ट्रैवल एंड टूरिज्म काउंसिल (WTTC) का अनुमान है कि ईरान संघर्ष के कारण दुनियाभर के टूर एंड ट्रैवल सेक्टर को रोजाना करीब 5,500 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। भारत से बाहर जाने वाले करीब आधे यात्री यूएई, सऊदी अरब, कतर, ओमान जैसे देश जाते हैं। इनमें से भी करीब 40 फीसदी घूमने के लिए जाते हैं। अब भारतीय पर्यटक थाईलैंड, मलेशिया, जापान जैसे देशों के लिए पूछताछ कर रहे हैं। एयरलाइंस के किराया बढ़ाने के बाद भी बहुत सारे टूरिस्ट कोच्चि, पुरी, अंडमान जैसे घरेलू स्थानों को तरजीह दे रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में घरेलू स्थानों के लिए पूछताछ में करीब 200% की बढ़ोतरी देखी गई है। दिल्ली स्थित ट्रैवल कंपनी टीमवन हॉलिडेज की प्रवक्ता अनीशा शर्मा के मुताबिक, 'फिलहाल खाड़ी देशों की यात्रा के लिए लगभग 100% तक कैंसिलेशन देखने को मिल रहे हैं। यदि यह रुझान जारी रहता है तो 2026 भारत के घरेलू पर्यटन के लिए बेहद मजबूत साल साबित हो सकता है। यात्री देश के नजदीकी और विविध पर्यटन स्थलों को खोज रहे हैं।' अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्लेटफॉर्म पिकयोरट्रेल के सीईओ हरि गणपति के मुताबिक मिडिल-ईस्ट क्षेत्र की बुकिंग में 60% तक की गिरावट आई है। मेकमाईट्रिप के को-फाउंडर राजेश मागो कहते हैं- यदि संघर्ष लंबा चलता है, तो लोग घरेलू गंतव्यों या अप्रभावित अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों की ओर रुख कर सकते हैं।' वहीं ईज माईट्रिप के फाउंडर निशांत पिट्टी का कहना है- 'थाईलैंड, मलेशिया, मालदीव और जापान जैसे देशों के लिए बुकिंग में अच्छी बढ़त देखी जा रही है। घरेलू पर्यटन लगातार मजबूत बना हुआ है।'

### एमपी-यूपी में तापमान 40° पार, हीट स्ट्रोक का अलर्ट

**नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर/लखनऊ।** मध्य प्रदेश में तेज का असर लगातार बढ़ रहा है। इसके कारण हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ गया है। शुक्रवार को भी नर्मदापुरम में तापमान लगातार दूसरे दिन 40°C से ज्यादा रहा। मौसम विभाग के मुताबिक 15 मार्च से प्रदेश का मौसम फिर बदल सकता है। इस दौरान कुछ इलाकों में बारिश हो सकती है। उत्तर प्रदेश में तेज गर्मी का असर दिखने लगा है। शुक्रवार को प्रदेश में पहली बार दिन का तापमान 40°C से ज्यादा रहा। बांदा का तापमान 40.2°C रहा। इसके अलावा झांसी में 38.3°C और उरई में 37.8°C तापमान रहा।



आज भी गोरखपुर समेत 10 जिलों में सुबह धुंध छाई। राजस्थान के कई शहरों में शुक्रवार को बादल छाए। इससे तापमान में गिरावट हुई। चूरू, अलवर समेत कई शहरों में पारा 2°C से 4°C तक गिरा। मौसम विभाग के मुताबिक आज 5 जिलों में बादल छाने, धूलभरी हवा चलने और बारिश का यलो अलर्ट है। 15 मार्च को 18 जिलों में आंधी-बारिश का संभावना है। उत्तराखंड के 8 जिलों में आज बारिश-बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक आज उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग समेत 5 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है। राज्य में अधिकतम तापमान 31°C और न्यूनतम तापमान लगभग 17°C के आसपास रहने की संभावना है।

### दिल्ली में उबर राइडर ने लड़की से छेड़छाड़ की, पीड़ित बोली- शोर मचाने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में युवती से उबर राइडर ने छेड़छाड़ की है। पीड़ित ने बताया कि घटना 12 मार्च की रात की है। इस मामले पर पुलिस का कहना है कि अभी FIR नहीं दर्ज हुई है। युवती की शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित के मुताबिक 12 मार्च की रात करीब 1.28 बजे उसने रोहिणी सेक्टर 15 से पीतमपुरा के एमपी ब्लॉक मार्केट के लिए उबर बाइक बुक की थी। राइडर का नाम सचिन था।



पीड़ित ने कहा- एप में पीतमपुरा जाने के लिए मैप में जो रास्त नजर आ रहा था, राइडर ने उस रास्ते की जगह दूसरा रास्ता चुना। इसके बाद उसने मुझे गलत तरीके से छूना शुरू कर दिया। पीड़ित ने कहा कि जब मैंने उसे ऐसा करने से रोका तो राइडर ने बाइक की स्पीड बढ़ा दी और तेजी से ब्रेक मारने लगा। मैंने डर के मारे शोर मचाया और चलती बाइक से कूदने की धमकी दी पीड़िता ने बताया कि मैंरे विरोध करने पर राइडर मुझे पीतमपुरा छोड़कर भाग गया। साथ ही उसने मुझे जान से मारने की धमकी भी दी। वहीं, दिल्ली के लाहौरी गेट इलाके में 12 मार्च की रात को प्रिंस होटल के कमरे में 25 साल की लड़की की लाश मिली। होटल के कर्मचारियों ने बताया कि लंबे समय से कमरा 205 न खुलने की वजह से हमने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के आने के बाद कमरे का गेट खोला गया तो लड़की की लाश बिस्तर पर पड़ी मिली, आसपास खून के निशान थे। पुलिस के मुताबिक युवती मौजपुर की रहने वाली थी। वह अभिषेक तिवारी नाम के व्यक्ति के साथ होटल में ठहरी थी, जो बाद में वहां से भाग गया। युवक की तलाश की जा रही है।

### राजस्थान का एमबीबीएस स्टूडेंट ट्रेन के आगे कूदा, मौत

**जैसलमेर।** जैसलमेर के MBBS स्टूडेंट ने राजकोट (गुजरात) में ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। वह राजकोट के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) में MBBS के अंतिम वर्ष के छात्र थे। बताया जा रहा है कि इस स्टूडेंट ने इसी जगह डेढ़ महीने पहले (28 जनवरी) भी सुसाइड का प्रयास किया था। समय रहते गांव वालों ने उन्हें बचा लिया था। जानकारी के अनुसार, रतन कुमार मेघवाल (23) निवासी फलसूंड (जैसलमेर) की बॉडी शनिवार सुबह राजकोट के परापीपलिया रेलवे फाटक के पास मिली थी। गुजरात पुलिस को रतन के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस जांच के अनुसार, रतन कुमार शनिवार सुबह करीब 4:00 बजे मेडिकल कॉलेज के



हॉस्टल से निकले थे। इसके ठीक 45 मिनट बाद, यानी 4:45 बजे उन्होंने सुसाइड कर लिया। गांधीग्राम पुलिस मौके पर पहुंची। सुसाइड नोट में रतन ने खुद के मानसिक रूप से परेशान होने के कारण यह कदम उठाने का जिक्र किया है। उधर, AIIMS प्रशासन का कहना है कि रतन कैंपस में नहीं रहते थे, जबकि हॉस्टल के वार्डन ने ही शव की पहचान की है।

### हिमाचल में इंडक्शन की डिमांड कई गुणा बढ़ी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की भारी किल्लत के बीच खाना पकाने के लिए बिजली से चलने वाले इंडक्शन हीटर की मांग अचानक कई गुना बढ़ी है। हालात ऐसे बन गए हैं कि जो दुकानदार पहले हफ्ते में मुश्किल से एक-दो इंडक्शन बेच पाते थे, अब उनके यहां रोजाना 8 से 15 तक इंडक्शन बिक रहे हैं। खासकर होटल और ढाबा संचालक कमर्शियल LPG गैस के विकल्प के लिए इंडक्शन खरीद रहे हैं। राजधानी शिमला में पिछले 5 से 6 दिनों से कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई बुरी तरह प्रभावित हुई है। इससे होटल, ढाबा और छोटे रेस्टोरेंट संचालकों के सामने खाना बनाने का संकट खड़ा हो गया है। कई ढाबों में गैस खत्म होने के बाद कामकाज बंद करना पड़ा है और ताले लटक गए है, जबकि कई कारोबारी वैकल्पिक व्यवस्था करने में जुटे हुए हैं। शहर के ज्यादातर होटल, रेस्टोरेंट व ढाबा संचालकों के पास दो से तीन दिन की LPG शेष बची है। ऐसे में सप्लाई सामान्य नहीं हुई तो LPG का गंभीर संकट खड़ा होगा।

# ईरान बोला- अबू धाबी-बहरीन में अमेरिकी ठिकानों पर हमला किया

## दावा- खार्ग आइलैंड के बाद मूसा द्वीप को निशाना बना सकता है अमेरिका

**एजेंसी, तेल अवीव/तेहरान**

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 15वां दिन है। इस बीच ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) की नौसेना ने दावा किया है कि उसने क्षेत्र में मौजूद 3 अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए हैं। ईरानी मीडिया के अनुसार IRGC नौसेना प्रमुख एडमिरल अलीरेजा तंगसीरी ने बताया कि इन हमलों में अबू धाबी के अल-धफरा एयरबेस और बहरीन के शेख ईसा एयरबेस को निशाना बनाया गया। तंगसीरी के मुताबिक पैट्रियट रडार सिस्टम, सैन्य विमान और विमानों के ईंधन भंडारण टैंकों पर हमले हुए। हालांकि इन दावों की अभी स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं, अमेरिका, ईरान के कुछ और आइलैंड्स पर सैन्य कार्रवाई कर सकता है। खार्ग आइलैंड को पहले ही निशाना बनाया जा चुका है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक अगला निशाना अबू मूसा आइलैंड हो सकता है।



**इजराइल का ईरान के स्पेस रिसर्च सेंटर और एयर डिफेंस फैक्ट्री पर हमला:** इजराइल ने कहा है कि उसकी सेना ने ईरान की स्पेस एजेंसी के एक प्रमुख रिसर्च सेंटर और एयर डिफेंस सिस्टम बनाने वाली फैक्ट्री पर हमला किया है। इजराइल डिफेंस फोर्स (IDF) के मुताबिक इन ठिकानों का इस्तेमाल सैन्य गतिविधियों और खुफिया अभियानों के लिए किया जा रहा था। इजराइल के अनुसार जिस रिसर्च सेंटर को निशाना बनाया गया वहां कई लैब मौजूद थीं। इन लैब में सैन्य सैटेलाइट विकसित करने, खुफिया जानकारी जुटाने और मिडिल-ईस्ट में हमलों से जुड़े शोध किए जा रहे थे। IDF ने कहा कि हमलों में ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम तैयार करने वाले कई उत्पादन केंद्रों को भी निशाना बनाया गया। इनमें एक प्रमुख फैक्ट्री भी शामिल है, जहां हवाई रक्षा प्रणाली से जुड़े उपकरण बनाए जाते थे।

**अमेरिकी सैनिकों की जानकारी देने पर 1.15 लाख डॉलर का इनाम:** इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया समूह इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक (IRI) ने अमेरिकी सैनिकों की जानकारी देने वालों के लिए इनाम घोषित किया है। IRI ने बयान में कहा कि जो भी व्यक्ति अमेरिकी सेना के वरिष्ठ अधिकारियों या खुफिया एजेंसियों के प्रमुख लोगों के ठिकाने की सटीक जानकारी देगा, उसे 150 मिलियन इराकी दीनार (करीब 1.15 लाख डॉलर) का इनाम दिया जाएगा। यह इनाम इराकियों के साथ-साथ देश में रह रहे विदेशी नागरिकों के लिए भी लागू होगा। मिलिशिया समूह ने दावा किया कि उसके हमलों के कारण अमेरिका के सुरक्षा विकल्प कम हो गए हैं और अमेरिकी सैन्य व खुफिया कर्मी अब नागरिक इलाकों में छिपकर रह रहे हैं। इस बीच गुरुवार को पश्चिमी इराक में एक रिफ्यूलिंग विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से 6 अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई। हालांकि अमेरिका ने कहा कि विमान हादसा दुश्मन के हमले के कारण नहीं हुआ, लेकिन IRI ने इसे गिराने की जिम्मेदारी ली है। अमेरिका ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए ईरान समर्थित इराकी मिलिशिया के ठिकानों पर हमले किए हैं, जिनमें कम से कम 27 लड़ाके मारे गए और कई अन्य घायल हुए हैं।

# लेबनान में नेपाली शांति सैनिकों के बटालियन मुख्यालय पर हवाई हमला

**एजेंसी, काठमांडू**



पश्चिम एशियाई देश लेबनान में संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन के तहत तैनात नेपाली सैनिकों के बटालियन मुख्यालय पर शुक्रवार देर रात को हवाई हमला हुआ। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक इस हमले में किसी भी प्रकार की मानवीय क्षति नहीं हुई है।

नेपाल के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह हमला शुक्रवार देर रात को दक्षिण–पूर्वी लेबनान के अल-जाबेल क्षेत्र में हुआ। सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियार जनरल राजाराम बस्नेत के मुताबिक ब्लू लाइन के नजदीक स्थित संयुक्त राष्ट्र मिशन के तहत तैनात नेपाली शांति सेना के बटालियन मुख्यालय पर ड्रोन से यह हमला किया गया। नेपाल की सेना लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन के तहत विभिन्न संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में तैनात रही है। लेबनान में भी नेपाली सैनिक संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल के तहत सीमा क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने, निगरानी करने तथा स्थानीय नागरिकों की सहायता करने का कार्य कर रहे हैं।

जिस क्षेत्र में हमला हुआ, वह क्षेत्र लेबनान और इजरायल की सीमा के पास स्थित संवेदनशील इलाकों में गिना जाता है। यह हमला ब्लू लाइन के आसपास बढ़ते सैन्य तनाव के बीच हुआ। ब्लू लाइन वह अंतरराष्ट्रीय सीमा रेखा है जिसे संयुक्त राष्ट्र ने लेबनान और इजरायल के बीच सीमा निर्धारण के लिए चिह्नित किया है। इस क्षेत्र में अक्सर सैन्य गतिविधियां और तनाव देखने को मिलते हैं, इसलिए संयुक्त राष्ट्र के शांति सैनिक वहां निगरानी और स्थिरता बनाए रखने का काम करते हैं। नेपाली शांति सैनिकों के बटालियन मुख्यालय पर हुए इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है, फिर भी घटना को गंभीर माना जा रहा है।

नेपाली सेना के तरफ से कहा गया है कि नेपाल का विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र मिशन इस हमले की प्रकृति और इसके पीछे की वजहों की जांच कर रहे हैं। इस घटना पर नजर बनाए रखने के साथ ही लेबनान में तैनात नेपाली सैनिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के साथ समन्वय बनाए रखने की बात कही गई है।

# हाईकोर्ट बोला-संभल डीएम-एसपी कानून नहीं संभाल सकते तो इस्तीफा दें

## मस्जिद में नमाजियों की संख्या कम कराने पर लगाई फटकार

**एजेंसी, संभल**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मस्जिद में नमाजियों की संख्या सीमित करने पर संभल DM और SP को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा- प्रशासन मस्जिद में नमाजियों की संख्या सीमित नहीं कर सकता। अगर डीएम राजेंद्र पेंसिया और एसपी केके विश्नोई को लगता है कि वे कानून व्यवस्था नहीं संभाल पा रहे, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। या फिर ट्रांसफर करवा लेना चाहिए। हर परिस्थिति में कानून व्यवस्था बनाए रखना उनका काम है। जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने कहा- यह राज्य का कर्तव्य है कि वह सुनिश्चित करे कि हर समुदाय निर्धारित पूजा स्थल पर शांतिपूर्वक पूजा कर सके। अगर वह निजी संपत्ति है, तो राज्य से किसी इजाजत की जरूरत नहीं। कोर्ट पहले ही साफ कर चुका है कि राज्य का दखल सिर्फ वहीं जरूरी है, जहां प्रार्थना या धार्मिक काम सार्वजनिक भूमि पर आयोजित किए जाने हों। याचिकाकर्ता




मुनाजिर खान के मुताबिक, पिछले साल फरवरी महीने में हयातनगर थाने से पुलिसवाले आए। उन्होंने कहा कि सिर्फ 20 लोग ही मस्जिद में नमाज पढ़ सकते हैं। एक बार में 5-6 लोग ही नमाज अदा करें। इसके बाद मुनाजिर ने 18 जनवरी, 2026 को हाईकोर्ट में याचिका दायर की। 27 फरवरी को पहली सुनवाई हुई। आज (शनिवार) आदेश हाईकोर्ट की साइट पर अपलोड हुआ। अब 16 मार्च को इस मामले की अगली सुनवाई होगी। सरकारी वकील बोले- कानून व्यवस्था न बिगड़े, इसलिए प्रशासन ने रोका याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट को बताया- रमजान के दौरान मस्जिद में नमाज अदा करने से रोका जा रहा। रमजान चल रहा है।

# अमेरिका–द.कोरिया सैन्य अभ्यास के बीच उ.कोरिया ने 10 से अधिक मिसाइलों का किया परीक्षण

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्वी एशिया में अमेरिका और दक्षिणी कोरिया के बीच चल रहे सैन्य अभ्यास के बीच उत्तर कोरिया ने कम दूरी की 10 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया। इन परीक्षणों को लेकर दक्षिण कोरिया और जापान ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्रीय संप्रभुता पर हमला माना है। दक्षिण कोरिया की सेना के अनुसार ये मिसाइलें राजधानी प्योंगयांग के पास से जापान सागर की दिशा में लॉन्च की गईं। जापान कोस्ट गार्ड ने कहा है कि इनमें से एक मिसाइल संभवतः जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर समुद्र में गिरी। घटना के बाद जापान और दक्षिण कोरिया ने निगरानी बढ़ा दी है और अमेरिका के साथ मिलकर हालात पर करीबी नजर रखी जा रही है।

जापान के लोक प्रसारक एनएचके और विभिन्न मीडिया रिपोर्टस के अनुसार उत्तर कोरिया ने शनिवार को समुद्र की ओर 10 से अधिक कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरिया की सेना के अनुसार ये मिसाइलें राजधानी प्योंगयांग के पास सुनान इलाके से स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 1:20 बजे जापान सागर की दिशा में लॉन्च की गईं। जापान कोस्ट गार्ड ने बताया कि उसने एक ऐसी वस्तु देखी जो संभवतः बैलिस्टिक




मिसाइल थी और जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के बाहर समुद्र में गिर गई। जापान के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस घटना में फिलहाल किसी नुकसान की खबर नहीं है।

घटना के बाद जापान सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय में संकट प्रबंधन केंद्र में आपात बैठक बुलाई। संबंधित मंत्रालयों और एजेंसियों के अधिकारी स्थिति की जानकारी जुटा रहे हैं और संभावित नुकसान का आकलन कर रहे हैं। दक्षिण कोरिया के जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि सेना ने निगरानी बढ़ा दी है और वह अमेरिका तथा जापान के साथ मिलकर जानकारी साझा कर रही है। सेना किसी भी संभावित अतिरिक्त लॉन्च की स्थिति के लिए पूरी तरह तैयार है।


इस सैन्य अभ्यास को लेकर अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने कहा है कि यह अभ्यास पूरी तरह रक्षात्मक है। इसका उद्देश्य क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए तैयारी को मजबूत करना है। हालांकि, उत्तर कोरिया लंबे समय से इन अभ्यासों को अपने खिलाफ हमले का पूर्वाभ्यास बताता रहा है। उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता किम जोंग-उन की बहन किम यो-जोंग ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया की संयुक्त सैन्य ड्रिल की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में सैन्य अभ्यास करना, जब वैश्विक सुरक्षा पहले से ही अस्थिर है, क्षेत्रीय स्थिरता को कमजोर करता है। उन्होंने चेतावनी दी कि उत्तर कोरिया की सुरक्षा को चुनौती देने वाले कदम के भयानक परिणाम हो सकते हैं।

उत्तर कोरिया पिछले दो दशकों से परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के विकास पर काम कर रहा है। इसी वजह से 2006 से उस पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने कई प्रतिबंध लगा रखे हैं। इसके बावजूद प्योंगयांग अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को जारी रखे हुए है। पश्चिम एशिया में पिछले 15 दिनों से जारी सैन्य संघर्ष के बीच विशेषज्ञों का मानना है कि उत्तर कोरिया का मिसाइल परीक्षण और क्षेत्र में चल रहे सैन्य अभ्यास पूर्वी एशिया में भी सैन्य संघर्ष का कारण बन सकते हैं।

# यूएई में भ्रामक वीडियो फैलाने के आरोप में दो भारतीय व एक नेपाली सहित 10 गिरफ्तार

**एजेंसी, काठमांडू**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में मिसाइल हमले और एयर डिफेंस सिस्टम से जुड़े वीडियो रिकॉर्ड करने और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से बनाए गए भ्रामक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के आरोप में दो भारतीय और एक नेपाली नागरिक सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। नेपाल के विदेश विभाग के मुताबिक यूएई के महाधिवक्ता डॉ. हमाद सेफ अल शम्सी के आदेश पर इन सभी को गिरफ्तार कर तत्काल कानूनी कार्रवाई के लिए अर्जेंट ट्रायल में भेजा गया है। गिरफ्तार किए गए 10 लोगों में दो भारतीय, एक नेपाली नागरिक के अलावा मिस्र, फिलीपींस, वियतनाम, पाकिस्तान, ईरान, बांग्लादेश और मध्य अफ्रीकी




देश कैमरून के एक-एक नागरिक शामिल हैं।

यूएई के विदेश विभाग के बयान के मुताबिक जांच के दौरान यह पाया गया कि गिरफ्तार व्यक्तियों ने यूएई के एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा हमले को हवा में ही निष्क्रिय किए जाने के वास्तविक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए थे। इसके अलावा उन्होंने एआई का उपयोग कर यूएई के प्रमुख स्थानों पर मिसाइल गिरने, भीषण आग लगने और धुआं उठने जैसे नकली वीडियो भी तैयार कर उन्हें वायरल किया था।


कुछ वीडियो में बच्चों की भावनाओं का इस्तेमाल कर यह दिखाने की कोशिश की गई कि देश में बड़ा सुरक्षा खतरा मौजूद है, जबकि कुछ मामलों में विदेशों में हुई घटनाओं को यूएई के भीतर की घटना बताकर अफवाह फैलाई गई। नेपाल के विदेश विभाग के मुताबिक इस प्रकार की गतिविधियों से राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था और स्थिरता पर असर पड़ सकता है तथा यूएई की रक्षा क्षमता से जुड़ी गोपनीय जानकारी बाहर जाने का खतरा भी बढ़ जाता है। महाधिवक्ता डॉ. शम्सी के अनुसार यदि जानबूझकर गलत जानकारी फैलाने, सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डालने और समाज में भय पैदा करने जैसे अपराध साबित होते हैं, तो दोषियों को कम से कम एक वर्ष की जेल और न्यूनतम एक लाख दिरहम (लगभग 41 लाख नेपाली रुपये) का जुर्माना हो सकता है। फिलहाल सभी आरोपितों को हिरासत में रखकर पूछताछ की जा रही है।

# अडाणी पावर प्लांट में आगजनी, गाड़ियों में तोड़फोड़

**एजेंसी, सिंगरौली**

सिंगरौली जिले के माडा थाना क्षेत्र के बधौरा स्थित अडाणी पावर प्लांट में शनिवार सुबह मजदूर की मौत के बाद जमकर हंगामा हो गया। गुस्साए मजदूरों ने प्लांट परिसर में तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दी। सामने आए वीडियो में दूर से काले धुएं का बड़ा गुबार नजर आ रहा है। प्लांट के अंदर एक साइट के नीचे भी आग लगी हुई है। हालात को काबू में करने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी तैनात किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, प्लांट में काम करने वाले मजदूर लल्लन सिंह की शुक्रवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई थी। मृतक मूल रूप से झारखंड के गढ़वा जिले का रहने वाला था और लंबे समय से इसी प्लांट में काम कर रहा था।

मजदूर की मौत की खबर फैलते ही साथी मजदूरों में आक्रोश फैल



गया। उन्होंने शव छिपाने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि ये अफवाह भी फैली कि मजदूर लल्लन की ऊंचाई से गिरने के कारण मौत हुई है। कंपनी प्रबंधन और जिला प्रशासन का दावा है कि मजदूर की मौत देर रात हार्ट अटैक से हुई। कंपनी के अंदर स्थिति तनावपूर्ण है। मजदूरों ने एक दर्जन से अधिक गाड़ियों को क्षतिग्रस्त किया और पलट दिया। पुलिस चौकी प्रभारी की गाड़ी में भी तोड़फोड़ कर पलटा दी। पावर प्लांट के अंदर मजदूर की निष्पक्ष जांच और साथी मजदूर की मौत का कारण स्पष्ट करने की मांग कर रहे थे।

# सरकार बोली- दिल्ली के होटल–रेस्टोरेंट कचरे का ईंधन इस्तेमाल करें

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से देशभर में LPG की किल्लत बढ़ती ही जा रही है। गैस सिलेंडर की लाइन में लगे दो बुजुर्ग की मौत हो चुकी है। इसमें उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में 76 साल के मोहम्मद मुख्तियार और पंजाब के बरनाला के गांव शैहना में 66 साल के भूषण कुमार मित्तल शामिल हैं। दोनों की हार्ट अटैक से मौत हुई। बिहार में गैस सिलेंडर की किल्लत के चलते लकड़ी-कोयले की मांग बढ़ गई है। राजस्थान में होटल लकड़ी पर खाना बना रहे हैं। गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और जमाखोरी भी हो रही है। कई जगहों पर 2 हजार का कॉमर्शियल सिलेंडर 4 हजार रुपए में बिक रहा है। इसके साथ ही सिलेंडर जब्त करने की कार्रवाई भी हो रही है। इसे रोकने के लिए सरकार MP-UP, कर्नाटक-तमिलनाडु में गोदामों पर छापेमारी कर रही है।

**सरकार बोली- दिल्ली के होटल-रेस्टोरेंट कचरे का ईंधन इस्तेमाल करें:** पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मिनिस्ट्री की जॉइंट सेक्रेटरी (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने कहा कि अब दिल्ली-NCR की इंडस्ट्रीज, होटल, रेस्टोरेंट और दूसरी संस्थाओं को एक महीने के लिए नेचुरल गैस की जगह बायोमास से बने पेलेट्स, खासकर रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल (RDF) पेलेट्स के अस्थायी इस्तेमाल की मंजूरी दे दी गई है। कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट यानी CAQM



ने यह आदेश जारी किया है। रिफ्यूज-डिराइव्ड फ्यूल (RDF) असल में कचरे से बनाया गया एक तरह का ईंधन है। इसमें नगर निगम और इंडस्ट्रीज से निकलने वाले सूखे कचरे- जैसे प्लास्टिक, कागज, कपड़ा और लकड़ी को प्रोसेस किया जाता है। सबसे पहले कचरे को छांटकर उसमें से ऐसी चीजें निकाली जाती हैं जो जल नहीं सकतीं (जैसे कांच या धातु) और फिर बाकी बचे हिस्से को मशीन

**◆ यूपी-पंजाब में सिलेंडर की लाइन में 2 मौतें, एमपी में पुलिस बुलाकर सिलेंडर बंटवाए गए**

से छोटे-छोटे टुकड़ों या पेलेट्स (गोलियों) में बदल दिया जाता है। इसका इस्तेमाल कोयले या नेचुरल गैस के विकल्प के रूप में फैक्ट्रियों, सीमेंट प्लांट और पावर प्लांट्स में ऊर्जा पैदा करने के लिए होता है, जिससे न सिर्फ कचरे का निपटारा होता है बल्कि प्रदूषण भी कम करने में मदद मिलती है।

**LPG लेकर आ रहे दो भारतीय जहाजों ने होर्मुज रूट पार किया:** खाड़ी देशों से LPG लेकर आ रहे दो भारतीय जहाज शनिवार सुबह सुरक्षित तरीके से होर्मुज रूट पार कर गए हैं। यह इलाका फिलहाल युद्ध की चपेट में है। शिपिंग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने मीडिया को बताया कि LPG जहाज 'शिवालिक' और 'नंदा देवी' अब गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाह की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन जहाजों में 92,700 टन LPG है और इनके 16 या 17 मार्च तक भारतीय बंदरगाहों पर पहुंचने की संभावना है। माना जा रहा है कि इससे गैस की किल्लत कम हो सकती है। ये दोनों जहाज उन 24 जहाजों में शामिल थे, जो इस क्षेत्र में युद्ध शुरू होने के बाद से ही होर्मुज रूट के पश्चिमी हिस्से में फंसे हुए थे।


# ज़ेन ज़ेड (युवा पीढ़ी) में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति- क्या वे माता-पिता,पत्नी छोटे बच्चों, परिवार ईश्वर अल्लाह,समाज और राष्ट्र के दोषी नहीं हैं?- आधुनिक समाज की एक गंभीर और संवेदनशील चुनौती



लोकतंत्र की शान

» ज़ेड ज़ेन आत्महत्या करने के पहले सोचे कि क्या वे आत्महत्या करके पारिवारिक नैतिक और सामाजिक अपराधी तो नहीं बन रहे हैं? -एक पीड़ादायक सामाजिक यथार्थ

» आत्महत्या करने के पहले ज़ेड ज़ेन सोचें माता-पिता,पत्नी छोटे बच्चों को कितना कष्टदायक अति दुखी छोड़ कर जा रहे हैं?क्या ईश्वर अल्लाह उन्हें क्षमा करेंगे? नरक यानें जहनुम में इसकी सजा भुगतांगे?तो वें आत्महत्या कर नहीं पाएंगे- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र







गोंदिया - वैश्विक स्तरपर 21वीं सदी को तकनीक, वैश्वीकरण और अभूतपूर्व अवसरों की सदी कहा जाता है।आज का युवा वर्ग,जिसे सामान्यतःज़ेन जेड या नई पीढ़ी कहा जाता है,डिजिटल दुनियाँ के साथ पैदा हुआ है और उसी के साथ विकसित हुआ है।यह पीढ़ी तकनीकी रूप से सबसे अधिक सक्षम,सूचनाओं से भरपूर और वैश्विक अवसरों से जुड़ी हुई मानी जाती है।परंतु इस चमकदार आधुनिकता के पीछे एक बेहद चिंताजनक और दर्दनाक सच्चाई भी छिपी है, युवाओं में आत्महत्या के मामलों में लगातार वृद्धि।पिछले कुछ वर्षों में यह देखा गया है कि युवा वर्ग के बीच आत्महत्या की घटनाएँ अचानक बढ़ती जा रही हैं। यह केवल किसी एक देश या समाज की समस्या नहीं है, बल्कि एक वैश्विक सामाजिक संकट बन चुकी है।भारत सहित अनेक देशों में यह चिंता का विषय है कि जीवन के सबसे ऊर्जावान और संभावनाओं से भरे चरण में ही युवा इतने निराश और असहाय क्यों महसूस कर रहे हैं कि वे अपने जीवन का अंत करने जैसा कदम उठा लेते हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क्रि ज़ेन जेड (युवा पीढ़ी) में आत्महत्या के मामलों में अचानक इतना इजाफा क्यों?ज़ेड ज़ेन आत्महत्या करने के पहले सोचे कि क्या वे आत्महत्या करके पारिवारिक नैतिक और सामाजिक अपराधी तो नहीं बन रहे हैं? अपने माता-पिता को कितना कष्टदायक अति दुखी छोड़ कर जा रहे हैं?अपनी पत्नी छोटे बच्चों को कितना भयंकर दुख देकर जा रहे हैं? क्या परलोक में ईश्वर अल्लाह उन्हें क्षमा करेंगे? परलोक जाकर वे नरक यानें जहनुम में इसकी सजा भुगतांगे ?इन सवालों के जवाब ढूंढने जाएंगे तो वें आत्महत्या कर नहीं पाएंगे इसीलिए ऐसा जनजागरण शासन प्रशासन व समाज द्वारा करना अत्यंत जरूरी है तथा आत्महत्या के कारणों को खोज उनका समाधान ढूंढने की कोशिश की जानी चाहिए कि बच्चे टूट क्यों रहे हैं?इस सवाल का जवाब ढूंढने जाएंगे तो वें आत्महत्या कर नहीं पाएंगे इसीलिए ऐसा जनजागरण शासन प्रशासन व समाज द्वारा करना अत्यंत जरूरी है,जब कोई युवा आत्महत्या करता है तो केवल एक जीवन समाप्त नहीं होता, बल्कि उसके साथ एक पूरा परिवार,अनेक सपने और अनगिनत भावनाएँ भी टूट जाती हैं माता-पिता, भाई- बहन,पत्नी और छोटे बच्चों के जीवन पर इसका गहरा और स्थायी प्रभाव पड़ता है। इसलिए आत्महत्या केवल व्यक्तिगत निर्णय नहीं बल्कि एक सामाजिक और नैतिक प्रश्न भी बन जाता है।आज की युवा पीढ़ी पर जीवन के कई प्रकार के दबाव एक साथ काम कर रहे हैं।शिक्षा, करियर,आर्थिक स्थिरता, सामाजिक प्रतिष्ठा और व्यक्तिगत संबंधों की जटिलताएँ युवाओं को सटीक मानसिक रूप से अत्यधिक दबाव में डाल देती हैं।

साथियों बात कर हम जब कोई व्यक्ति आत्महत्या करता है, उसकी पारिवारिक धार्मिक स्थिति की करें तो,उसके माता -पिता को जीवनभर का दुख और अपराधबोध झेलना पड़ता है। जिन माता-पिता ने अपने बच्चे को प्रेम और त्याग से बड़ा किया,उनके लिए यह आघात असहनीय होता है।यदि वह व्यक्ति विवाहित है और उसके छोटे बच्चे हैं,तो उनके जीवन पर इसका प्रभाव और भी गंभीर होता है।बच्चे अपने पिता या माता के बिना भावनात्मक और सामाजिक कठिनाइयों का सामना करते हैं।इस दृष्टि से देखा जाए तो आत्महत्या केवल एक व्यक्ति का निर्णय नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करने वाला कार्य है।दुनियाँ की लगभग सभी धार्मिक और आध्यात्मिक परंपराएँ जीवन को ईश्वर का अमूल्य उपहार मानती हैं। हिंदू, इस्लाम, ईसाई और अन्य धर्मों में आत्महत्या को सामान्यतः अनुचित या पापपूर्ण माना गया है।धार्मिक दृष्टिकोण यह संदेश देता है कि जीवन में चाहे कितनी भी कठिनाइयाँ क्यों न हों,उन्हें धैर्य,साहस और विश्वास के साथ सामना करना चाहिए।यदि युवा यह सोचें कि उनके इस कदम से उनके परिवार को कितना दुख होगा और क्या ईश्वर इस निर्णय को स्वीकार करेगा, तो संभव है कि वे अपने निर्णय पर बिलकुल पुनर्विचार करें।

साथियों बात अगर हम स्कूल कॉलेज के छात्रों द्वारा परिवार की अपेक्षा से आत्महत्या के दृष्टिकोण से देखें तो, स्कूल और कॉलेजों में प्रतिस्पर्धा इतनी तीव्र हो गई है कि कई बार विद्यार्थी पढ़ाई को सीखने की प्रक्रिया के बजाय एक मानसिक युद्ध की तरह अनुभव करने लगते हैं।परीक्षा में अच्छे अंक लाने, प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश पाने और सफल करियर बनाने का दबाव कई युवाओं के लिए असहनीय हो जाता है।इसके साथ ही परिवार की अपेक्षाएँ भी अक्सर युवाओं के लिए मानसिक बोझ बन जाती हैं। माता-पिता अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कल्पना करते हुए उनसे बड़ी-बड़ी उम्मीदें रखते हैं, लेकिन कई बार यह उम्मीदें बच्चों के मन में भय और असुरक्षा की भावना पैदा कर देती हैं।जब कोई युवा इन अपेक्षाओं को पूरा करने में असफल महसूस करता है, तो वह स्वयं को असफल, अयोग्य और समाज से अलग-थलग समझने लगता है। यही भावना धीरे-धीरे निराशा और अवसाद का रूप ले सकती है। साथियों बात अगर हम सट्टा जुआ शेयर मार्केटिंग सोशल मीडिया और तुलना की मानसिकता के दृष्टिकोण से देखें तो सट्टा जुआ शेयर मार्केटिंग डिजिटल गेम के बढ़ते प्रचलन जिसमें लंबी हार से आर्थिक देवता बनती है डिजिटल युग में सोशल मीडिया युवाओं के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। इंस्टाग्राम, फेसबुक और अन्य प्लेटफॉर्म पर लोग अपने जीवन की केवल सफल और चमकदार तस्वीरें साझा करते हैं।जब कोई युवा लगातार दूसरों की सफलता, सुंदरता, विलासिता और लोकप्रियता को देखता है,तो उसके मन में अनजाने में तुलना की भावना पैदा हो जाती है। उसे लगता है कि उसका जीवन दूसरों की तुलना में कम सफल या कम आकर्षक है।यह तुलना धीरे-धीरे आत्मविश्वास को कमजोर कर देती है और व्यक्ति अपने जीवन से असंतुष्ट होने लगता है। कई बार यह असंतोष गहरी मानसिक पीड़ा और अवसाद में बदल जाता है।विशेषज्ञों का मानना है कि सोशल मीडिया ने युवाओं के बीच परफेक्ट लाइफ का एक ऐसा भ्रम पैदा कर दिया है जो वास्तविकता से बहुत दूर है, लेकिन युवा उसे सचमानकर अपने जीवन से निराश होने लगते हैं। साथियों बात कर हम भावनात्मक अकेलापन और संवाद की कमी के दृष्टिकोण से सोचने की करें तो आधुनिक जीवन में भौतिक सुविधाएँ बढ़ी हैं, लेकिन भावनात्मक संबंध कमजोर होते जा रहे हैं। परिवारों में संवाद कम होता जा रहा है और कई युवा अपने मन की बात किसी से साझा नहीं कर पाते।कई बार युवा अपने माता-पिता, मित्रों या जीवनसाथी से अपनी परेशानियों को बताने से हिचकिचाते हैं। उन्हें डर होता है कि लोग उन्हें कमजोर समझेंगे या उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं लेंगे।यह भावनात्मक अकेलापन धीरे-धीरे भीतर ही भीतर उन्हें तोड़ने लगता है। जब कोई व्यक्ति लंबे समय तक अपने दुख और तनाव को अकेले सहता है, तो उसकी मानसिक स्थिति अत्यंत नाजुक हो सकती है। पारिवारिक और वैवाहिक संबंधों की जटिलताएँ आज के समाज में व्यक्तिगत संबंधों में भी कई प्रकार की जटिलताएँ दिखाई देती हैं। प्रेम संबंधों का टूटना, वैवाहिक विवाद, या पारिवारिक तनाव कई युवाओं को गहरे मानसिक संकट में डाल देते हैं।कई मामलों में यह देखा गया है कि विवाह के बाद पति-पत्नी के बीच विवाद होने पर या जीवनसाथी के अलग हो जाने पर युवा मानसिक रूप से टूट जाते हैं। कुछ लोग इस स्थिति को जीवन की असफलता के रूप में देखने लगते हैं। जब भावनात्मक समर्थन नहीं मिलता और व्यक्ति को लगता है कि उसका जीवन पूरी तरह बिखर गया है, तब वह निराशा के उस स्तर तक पहुँच सकता है जहाँ उसे आत्महत्या ही एकमात्र रास्ता दिखाई देता है। साथियों बात अगर हम नैतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से आत्महत्या के समाधान को देखने की करें तो आत्महत्या को केवल व्यक्तिगत पीड़ा का परिणाम मानना पर्याप्त नहीं है। यह एक नैतिक और सामाजिक प्रश्न भी है।आत्महत्या की समस्या का समाधान केवल व्यक्तिगत स्तर पर संभव नहीं है। इसके लिए समाज, परिवार, शिक्षा प्रणाली और सरकार सभी को मिलकर काम करना होगा।स्कूलों और कॉलेजों में मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। विद्यार्थियों को केवल पढ़ाई में ही नहीं बल्कि भावनात्मक संतुलन और जीवन कौशल सिखाने की भी आवश्यकता है।वैसे ही सरकार को मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ बनाना चाहिएकाउंसलिंग सेंटर,हेल्पलाइन और मनोवैज्ञानिक सहायता केंद्र युवाओं के लिए उपलब्ध होने चाहिए ताकि संकट के समय वे सहायता प्राप्त कर सकें।परिवार की भूमिकाःसुनना औरसमझना विशेषज्ञों का मानना है कि युवाओं को डांटने या केवल सलाह देने से अधिक महत्वपूर्ण है उनकी बातों को ध्यान से सुनना। माता-पिता और परिवार के सदस्यों को ऐसा वातावरण बनाना चाहिए जिसमें बच्चे बिना डर या झिझक के अपनी भावनाएँ व्यक्त कर सकें।यदि कोई युवा अपनी समस्या साझा करता है, तो उसे गंभीरता से सुनना और समझना अत्यंत आवश्यक है। कई बार केवल सहानुभूति और भावनात्मक समर्थन ही व्यक्ति को कठिन परिस्थितियों से बाहर निकाल सकता है। साथियों बात अगर हम जनजागरण और सामाजिक अभियान की आवश्यकता को समझने की करें तो आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाना आवश्यक है। समाज में यह संदेश फैलाना चाहिए कि जीवन कीकठिनाइयाँ अस्थायी होती हैं, लेकिन आत्महत्या का निर्णय स्थायी और अपरिवर्तनीय होता है।मीडिया, सामाजिक संस्थाएँ और धार्मिक संगठन मिलकर लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर सकते हैं।यह भी आवश्यक है कि समाज में ऐसी संस्कृति विकसित की जाए जिसमें मानसिक समस्याओं को कमजोरी नहीं बल्कि सामान्य मानवीय अनुभव के रूप में समझा जाए। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन करें इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क्रि जीवन का मूल्य और आशा का संदेशयुवा किसी भी समाज की सबसे बड़ी शक्ति और भविष्य होते हैं।उनकी ऊर्जा, रचनात्मकता और सपने ही राष्ट्र के विकास की नींव बनाते हैं।यदि युवा निराशा और अवसाद के कारण अपना जीवन समाप्त करने लगें,तो यह केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं बल्कि पूरे समाज के लिए गंभीर चेतावनी है। आत्महत्या की समस्या का समाधान केवल उपदेश देने से नहीं बल्कि संवेदनशीलता, संवाद और सहयोग से संभव है। हमें युवाओं को यह विश्वास दिलाना होगा कि जीवन की हर कठिनाई का समाधान संभव है और कोई भी समस्या इतनी बड़ी नहीं होती कि उसके कारण जीवन समाप्त कर दिया जाए।जब परिवार, समाज और सरकार मिलकर युवाओं को सहारा देंगे,उनकी बात सुनेंगे और उन्हें आशा का मार्ग दिखाएंगे, तब ही हम इस गंभीर सामाजिक संकट को कम कर पाएंगे।जीवन अनमोल है, और हर युवा का जीवन केवल उसका नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज की अमूल्य धरोहर है। इसलिए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी युवा अकेला, असहाय और निराश महसूस न करे।

-संकलनकर्ता लेखक
- क्रर विशेषज्ञ स्तंभकार
साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय
लेखक चिंतक कवि संगीत
माध्यमा सीए(एटीसी)
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र
9284141425

## अधिक फायदे के लालच में फंसे तो पछताना पड़ेगा....



इक़बाल हिंदुस्तानी

कम पढ़े लिखे गरीब और सीधे सादे लोगों को कुछ महीने साल और अवधि के बाद कोई न कोई कंपनी फर्म और व्यक्ति धोखा देकर ठग लेता है, लेकिन इस लूट का कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाता है। एक बार मशहूर ठग नटवर लाल से एक पत्रकार ने सवाल किया कि आप लोगों को बार बार कैसे ठगने में कामयाब हो जाते हैं तो नटवर का जवाब था कि हम नहीं ठगते इंसान का लालच उसको नुकसान उठाने को मजबूर करता है। नटवर का दावा था दुनिया में जब तक लालच है, उसका ठगी का धंधा पुलिस नहीं कोई भी नहीं रोक सकता। पिछले दिनों नजीबाबाद में हर्षवाड़ा बाईपास पर स्थित कंपनी ड्रीम सन शाइन डिजिटल लोगों का करोड़ों रुपया ठगकर फ़रार हो चुकी है। यह न तो पहली बार हुआ और न आखिरी बार। इससे पहले अमरीन एप्लाइंसेज़ नाम की कंपनी भी ऐसे ही लोगों को ठग कर भाग चुकी है। इसकी वजह यह है कि गरीब अनपढ़ या कम पढ़े लिखे लोग या कुछ उच्च शिक्षित भी जागरूकता के अभाव में लालच के चक्रव्यूह में फंस जाते हैं। उनका दिमाग़ यह काम नहीं करता कि दुनिया में ऐसा कौन सा बिज़नेस हो सकता है जिसमें घाटा न होने की गारंटी हो? साथ ही हर महीने 5 से 10% प्रॉफिट कैसे और कहां से मिल सकता है? ड्रीम डिजिटल ने भी लोगों को एक ही रात में लखपति बनने का सपना दिखाया करोड़ों का चूना लगाया और रातों रात फरार हो गई। हमने जब इस बारे में तफसील से जानकारी की तो पता लगा पहले यह कंपनी ढाई प्रतिशत ब्याज मासिक दे रही थी, फिर पांच फ़ीसदी किया और अब रमज़ान की बरकत बताकर नौ परसेंट रिटर्न कर दिया था। कुछ लोगों को मोटा कमीशन देकर लोगों को इनके जाल में फंसाने को लगा रखा था। अनेक लोगों ने जो प्रॉफिट इस कंपनी से कमाया था, वो भी और अधिक फ़ायदा कमाने को इसी में रि इनवेस्ट करते गए। कुछ ने अपनी ज़मीन ज़ेवर और बैंक से एक प्रतिशत मासिक ब्याज पर क़र्ज़ लेकर भी बड़ी रकम लगा रखी थी। कंपनी का दावा था कि उनका मुंबई में मिनरल वाटर का बड़ा कारोबार है, जिसमें रॉ मैटीरियल यानि पानी की कोई कीमत नहीं अदा करनी होती, बस उसको पैक करके मार्केट में बेचने से मुनाफा 25/50 परसेंट तक है। जिसमें से वो खर्च निकालकर 5 से 10 प्रतिशत अपने निवेशकों को दे रही है, जबकि यह कोरा झूठ था। इस लेखक ने पता किया कंपनी का मुंबई नहीं देश में कहीं भी कोई भी कारोबार नहीं था, जो पता दिया था वो भी फर्जी था। जो नम्बर दिए थे वो कभी बोलते ही नहीं थे। साथ ही कंपनी का आरबीआई में कोई रजिस्ट्रेशन नहीं था। जानकारी करने पर इस लेखक ने अपने कई मित्रों और रिश्तेदारों को इस कंपनी से दूर रहने की सलाह दी थी, जिससे उनका भारी नुकसान बच गया और वे इस लेखक को आज शुक्रिया बोल रहे हैं। भविष्य में भी हमारा सभी को मशवरा है ऐसे लालच धोखे और फर्जी कंपनी के जाल में फंसकर निवेश नहीं करें नहीं तो जीवन भर पछताना पड़ेगा। यह भी याद रखें एक बार आपको आर्थिक झटका लगा तो फिर संभलना मुश्किल हो जाता है।

**नोट_लेखक वरिष्ठ पत्रकार लेखक और ब्लॉगर हैं।**

## पीड़ित उपभोक्ताओं के आंसू पोछने का मंच है उपभोक्ता आयोग



लेखक - डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट

उपभोक्ता के साथ कोई भी ठगी या सेवा में कमी न कर पाए,उपभोक्ता को कोई धोखा न दे सके ,कोई दुकानदार या सेवा प्रदाता झूठी सच्ची बाते करके किसी को खराब गुणवत्ता का सामान न बेच सके और किसी को खराब सेवा न दे सके । इसके लिए सभी को जागरूक रहना आवश्यक है। उपभोक्ता आयोग एक ऐसा न्याय का मंदिर है जहां आप सुगमता से न्याय मांग सकते है।उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 यथा संशोधित 2019 की अधिसूचना भारत सरकार ने 15 जुलाई 2020 को जारी कर दी थी।जिसके तहत 20 जुलाई सन 2020 से उक्त संशोधित कानून प्रभावी हो गया था। इस बदले कानून से उपभोक्ताओं को शोषण और अन्याय से मुक्ति मिल रही है। इस कानून में किये गए बदलाव से उपभोक्ताओं को न्याय दिलाने के क्षेत्र में नई पहल का सूत्रपात हुआ है। उपभोक्ता संरक्षण संशोधित कानून, 2019 के तहत उपभोक्ता कही से भी उपभोक्ता अदालत में अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। इस कानून में उपभोक्ताओं के हित में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए साथ ही पुराने नियमों में सुधार की कोशिश भी की गई है।जैसे सेंट्रल रेगुलेटर का गठन, भ्रामक विज्ञापनों पर भारी दंड और ई-कॉमर्स फर्मों और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बेचने वाली कंपनियों के लिए सख्त दिशानिर्देश इस नये कानून में शामिल किये गए हैं।उपभोक्ता अब कहीं से भी यानि जहां वह निवास करता है या जहां से उसने सामान या सेवा खरीदी है ,में से कही से भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।प्रायः न्यायालयो में तारीख पर तारीख दी जाती है,जिसकारण वादकारियों की चप्पलें तक घिस जाती है।दीवानी न्यायालय के बारे में तो कहावत है कि दावा दादा करता है तो न्याय पोते को मिलता है।इस मिथक को तोड़ने की आज सबसे बड़ी आवश्यकता है।हालांकि यह काम यानि तारीख पर तारीख न देकर शीघ्र सहज न्याय देने का काम देश की उपभोक्ता अदालते,जो अब आयोग के रूप में परिवर्तित होकर उपभोक्ताओं को त्वरित न्याय उपलब्ध करा रही है।हम कह सकते है, समय के साथ उपभोक्ताओ की सोच में भी अब बदलाव आया है।अब खरीदी गई वस्तु के खराब निकलने पर सिर्फ अफसोस व्यक्त करके उपभोक्ता घर नही बैठता, बल्कि दुकानदार से शिकायत करने के साथ ही खराब वस्तु को बदलवाने के लिए उपभोक्ता आयोग तक का दरवाजा खटखटाता है।इसी प्रकार खरीदी गई किसी सेवा में कमी मिलने पर उपभोक्ता अपने साथ हुए अन्याय के लिए प्रतिवाद करने लगा है और विभिन्न मंचो पर न्याय के लिए जाने लगा है। उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनने के लिए जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उपभोक्ता अदालतें गठित हैं जिन्हें आयोग के रूप मान्यता दी गई है।नए कानून के तहत उपभोक्ता अदालतों के क्षेत्राधिकार में बदलाव किया गया है। राज्य और राष्ट्रीय उपभोक्ता अदालतों के मुकाबले जिला अदालतों तक पहुंच ज्यादा होती है। इसलिए अब जिला उपभोक्ता अदालतें 50 लाख रुपये तक के मामलों की सुनवाई कर सकेंगी।पहले जिला आयोग को एक करोड़ रुपये मूल्य के वादों की सुनवाई का अधिकार था,जो अब घटाकर 50 लाख रुपये तक किया गया है। अब उपभोक्ता अपनी शिकायत कही से भी दर्ज कर सकता है। पहले उपभोक्ता वहीं शिकायत दर्ज करा सकता था, जहां विक्रेता अपनी सेवाएं देता है या फिर उसकी कोई शाखा या कार्यालय जहां मौजूद है। ई-कॉमर्स अर्थात ऑन लाइन से बढ़ती खरीदारी को देखते हुए यह उपभोक्ताओं के हित मे यह एक अच्छा कदम है। इसके अलावा कानून में उपभोक्ता को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भी सुनवाई में शिरकत करने की इजाजत दी गई है। इससे उपभोक्ता का पैसा और समय दोनों बच सकेंगे और उसे न्याय भी जल्दी मिल सकेगा। उपभोक्ता कानून के इतिहास का अवलोकन करें तो पता चलता है कि सन 1966 में जेआरडी टाटा के नेतृत्व में कुछ उद्योगपतियों द्वारा उपभोक्ता संरक्षण के तहत फेयर प्रैक्टिस एसोसिएशन की मुंबई में स्थापना की गई थी और इसकी शाखाएं कुछ प्रमुख शहरों में स्थापित की गईं। भारत मे उपभोक्ताओं के हित सुरक्षित करने के लिए उपभोक्ता आंदोलन का यह प्रथम प्रयास कहा जा सकता है।वही स्वयंसेवी संगठन के रूप में ग्राहक पंचायत की स्थापना बीएम जोशी द्वारा 1974 में पुणे में की गई।समय के साथ अनेक राज्यों में उपभोक्ता कल्याण हेतु संस्थाओं का गठन हुआ। इस प्रकार उपभोक्ता आन्दोलन देश मे आगे बढ़ता रहा और सन 24 दिसम्बर 1986 को तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पहल पर उपभोक्ता संरक्षण विधेयक संसद ने पारित किया और जो राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित होने के बाद देशभर में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के रूप में लागू हुआ। इस अधिनियम में बाद में सन 1993 ,सन 2002 व अब 2019 में महत्वपूर्ण संशोधन किए गए। इन व्यापक संशोधनों के बाद यह एक सरल व सुगम अधिनियम हो गया है। इस अधिनियम के अधीन पारित उपभोक्ता अदालतों के आदेशों का पालन न किए जाने पर धारा 72 के अधीन कारावास व दण्ड का प्रावधान किया गया है। नए कानून में उत्पाद व विक्रेता कंपनी की जवाबदेही तय की गई है ।उत्पाद में निर्माण त्रुटि या खराब सेवाओं से अगर उपभोक्ता को नुकसान होता है तो उसे बनाने वाली कंपनी को हर्जाना देना होगा. यानि निर्माण त्रुटि में खराबी के कारण प्रेशर कुकर के फटने पर उपभोक्ता को चोट पहुंचती है तो उस हादसे के लिए कंपनी को हर्जाना देना होगा। पहले उपभोक्ता को केवल कुकर की लागत मिलती थी। उपभोक्ताओं को क्षति पूर्ति के लिए भी सिविल कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ता था।जिससे मामले के निपटारे में सालों साल लग जाते थे।पहले कंपनियां अनैतिक तरीके से कोर्ट से तारीख पर तारीख ले लेती थीं, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। उपभोक्ताओं को 90 दिन की समय सीमा में न्याय मिल जाना चाहिए।हालांकि इसमें प्रायः थोड़ा ज्यादा समय लग रहा है।पहले जहां से उपभोक्ता ने सामान खरीदा था, वहीं के उपभोक्ता फोरम में वाद दायर करना होता था। अब उपभोक्ता कहीं से भी सामान खरीदा हो, यदि उसमें खराबी है तो उसकी शिकायत घर या काम की जगह के आसपास के उपभोक्ता अदालत में कर सकता है। इस नये कानून का सबसे ज्यादा असर ई-कॉमर्स बिजनेस के क्षेत्र में होगा।अब इसके दायरे में सेवा प्रदाता भी आ जाएंगे. उत्पाद की जवाबदेही अब निर्माता के साथ सेवा प्रदाता और विक्रेताओं पर भी होगी. इसका अर्थ यह हुआ कि ई-कॉमर्स साइट खुद को एग्रीगेटर बताकर पल्ला नहीं झाड़ सकती हैं.ई-कॉमर्स कंपनियों पर सीधे बिक्री पर लागू सभी कानून प्रभावी होंगे. अब अमेजन, फ्लिपकार्ट, स्नैपडील जैसे व्यापारिक मंच को विक्रेताओं के ब्योरे का खुलासा करना होगा. इनमें उनका पता, वेबसाइट, ई-मेल इत्यादि शामिल करना जरूरी हैं.ई-कॉमर्स फर्मों की जिम्मेदारी होगी कि वे सुनिश्चित करें कि उनके स्तर पर किसी तरह के नकली उत्पादों की बिक्री न हो. अगर ऐसा होता है तो कंपनी पर दंड लग सकता है, क्योंकि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों पर नकली उत्पादों की बिक्री के मामलो की शिकायतें मिलती रही हैं। कानून में सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी (सीसीपीए) नाम का केंद्रीय रेगुलेटर बनाने का प्रस्ताव है।

## बाजारवाद के चक्रव्यूह में उपभोग की नैतिकता और अधिकार



लेखक - दिलीप कुमार पाठक

प्रकृति का शाश्वत नियम संतुलन पर टिका है, लेकिन आधुनिक अर्थतंत्र का पहिया उपभोग की तीव्र अंधी दौड़ से घूम रहा है। हर साल 15 मार्च को मनाया जाने वाला विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस महज कैलेंडर की एक औपचारिक तारीख नहीं है, बल्कि यह उस बुनियादी और कड़वे सत्य की याद दिलाता है कि बाजार का वजूद उपभोक्ता की सांसों से है, न कि उपभोक्ता का बाजार से। जब हम वर्ष 2026 के इस अत्याधुनिक और जटिल डिजिटल युग के मुहाने पर खड़े हैं, तो उपभोक्ता की परिभाषा और उसकी सीमाएं केवल भौतिक सामान खरीदने तक सीमित नहीं रह गई हैं। आज हमारी निजता, हमारा व्यक्तिगत डेटा, हमारी पसंद-नापसंद और यहाँ तक कि हमारा कीमती समय भी बाजार की सबसे बड़ी वस्तु बन चुके हैं। ऐसे में उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा का प्रश्न अब महज आर्थिक नहीं, बल्कि एक गहरे अस्तित्व का प्रश्न बन गया है। बाजार के इस विशाल और मायावी चक्रव्यूह में उपभोक्ता को राजा की उपाधि तो दे दी गई है, लेकिन व्यवहार के धरातल पर देखें तो वह अक्सर सूचनाओं के अभाव और भ्रामक विज्ञापनों के मकड़जाल में फंसा एक असहाय पथिक ही नजर आता है। 15 मार्च 1962 को जब अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ. कैनेडी ने पहली बार दुनिया के सामने उपभोक्ता अधिकारों का उद्घोष किया था, तब उनका मुख्य लक्ष्य एक पारदर्शी और न्यायपूर्ण व्यवस्था का निर्माण करना था। भारत ने भी इस दिशा में मील का पत्थर गाड़ते हुए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 जैसे सशक्त कानून हमारे हाथों में सौंपे हैं, जो हमें सुरक्षा, सूचना, चयन और निवारण का अभूतपूर्व कानूनी कवच प्रदान करते हैं। मगर इतिहास गवाह है कि कानून की शक्ति तभी सार्थक और प्रभावी होती है जब समाज के भीतर सजगता का संस्कार अपनी जड़ें जमा चुका हो। वर्तमान समय में ई-कॉमर्स की चकाचौंध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की चालाकी ने बाजार का पूरा भूगोल ही बदल दिया है। डार्क पैटर्न्स के जरिए उपभोक्ताओं को उनकी इच्छा के विरुद्ध अनचाहे विकल्प चुनने पर मजबूर करना या जटिल एल्गोरिदम के जरिए उनकी मानसिक सोच को नियंत्रित करना एक नई और अदृश्य किस्म की गुलामी है। भ्रामक दावों वाले विज्ञापनों में जब समाज के प्रतिष्ठित चेहरे और बड़े सितारे शामिल होते हैं, तो एक आम आदमी का भरोसा बड़ी सहजता से डगमगा जाता है। हमें यह गहराई से समझना होगा कि एक सतर्क और विवेकी उपभोक्ता केवल अपनी मेहनत की कमाई नहीं बचाता, बल्कि वह पूरे बाजार तंत्र को जवाबदेह और नैतिक होने के लिए विवश करता है। खरीदारी के समय पक्का बिल मांगना केवल एक कागज का टुकड़ा हासिल करना नहीं है, बल्कि यह अपने नागरिक अधिकारों की एक सशक्त उद्घोषणा है। शिक्षा, संवेदना और सतत संवाद ही वे माध्यम हैं जिनसे उपभोक्ता के सूक्ष्म शोषण को जड़ से रोका जा सकता है। हमारे स्कूलों, कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों में उपभोक्ता अधिकारों को केवल सूखे पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं माना जाना चाहिए, बल्कि इसे एक अनिवार्य जीवन कौशल के रूप में नई पीढ़ी के भीतर उतारना होगा। सरकार ने ई-दाखिल पोर्टल और नेशनल हेल्पलाइन 1915 जैसे आधुनिक साधन तो हमारे द्वार तक पहुंचा दिए हैं, लेकिन इनका लाभ तभी संभव है जब हम चलता है वाली घातक मानसिकता का पूर्णतः त्याग करेंगे। आज के युग में उपभोक्ता संरक्षण का अर्थ केवल वस्तु की गुणवत्ता या उसकी सही कीमत तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसमें पर्यावरण के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी भी गहराई से शामिल है। हमें अब सतत उपभोग की संस्कृति की ओर दृढ़ता से बढ़ना होगा ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी धरती के प्राकृतिक संसाधन बचे रहें। अक्सर हम छोटे से लाभ के लिए अपनी आवाज को दबा लेते हैं, लेकिन हमारी यही चुप्पी बेईमान शक्तियों को और अधिक बल प्रदान करती है। उपभोक्ता अधिकार दिवस का वास्तविक संकल्प केवल एक दिन का प्रतीकात्मक उत्सव नहीं होना चाहिए, बल्कि यह हमारे रोजमर्रा के स्थायी व्यवहार और चेतना का हिस्सा बनना चाहिए। जब तक बाजार में पारदर्शिता, मानवीय मूल्य और नैतिकता का सुंदर सामंजस्य नहीं होगा, तब तक प्रगति की यह ऊँची उड़ान अधूरी और दिशाहीन रहेगी।

# अभिषेक शर्मा टी-20 वर्ल्डकप जीत के बाद वैष्णों देवी पहुंचे

**● फोटोज शेयर कीं, फाइनल में खेली थी 52 रन का पारी**

**कटरा (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा ओपनर अभिषेक शर्मा टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद माता के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में स्थित वैष्णो देवी मंदिर में जाकर माता रानी के दर्शन किए। अभिषेक शर्मा हाल ही में भारतीय टीम के साथ टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे।
टी-20 इंटरनेशनल रैंकिंग में नंबर-1 बल्लेबाज अभिषेक ने अपनी यात्रा की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कीं और कैप्शन लिखा जय माता दी। फोटोज में वे सफेद कुर्ता-पायजामा पहने, माथे पर तिलक लगाए और हाथ जोड़कर दर्शन करते नजर आए।
**फाइनल में 52 रन की पारी खेली-** अभिषेक ने टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में अहम भूमिका निभाई थी। फाइनल से पहले के मैचों में उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था और लगातार 3 बार शून्यू पर आउट हुए। हालांकि खिताबी मुकाबले में उन्होंने शानदार वापसी की। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में उन्होंने महज 21 गेंदों में 52 रन की पारी खेली।
**कोच-कप्तान ने मुझ पर भरोसा किया-** भारत की जीत के बाद अभिषेक ने कहा, कोच और कप्तान ने मुझ पर भरोसा किया। मैं खुद भी खुद पर शक कर रहा था क्योंकि यह टूर्नामेंट मेरे लिए आसान नहीं था। मैंने इससे पहले कभी ऐसा अनुभव नहीं किया था। अपना पहला वर्ल्ड कप खेल रहा था।
**अभिषेक नंबर-1 टी-20 बैटर-** टॉप-10 टी-20 बैटर्स की लिस्ट में 4 भारतीय शामिल हैं। इनमें अभिषेक नंबर-1, ईशान नंबर-2, तिलक वर्मा नंबर-7 और सूर्यकुमार यादव नंबर-9 पर हैं। तिलक वर्मा को एक और सूर्या को दो स्थान का नुकसान हुआ।

# जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजरबानी केकेआर की टीम में शामिल

**● फ्रेंचाइजी ने आईपीएल 2026 से पहले साइन किया**

**हरारे (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल-2026 से पहले जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी को अपनी टीम में शामिल किया है। फ्रेंचाइजी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।
29 साल के इस तेज गेंदबाज ने टी-20 वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे की ओर से 13 विकेट झटके थे। वे अपनी टीम के टॉप विकेट टेकर्स रहे हैं। जिम्बाब्वे की टीम सुपर-8 स्टेज तक पहुंची थी।
**एक्स्ट्रा बाउंस से परेशान करते हैं मुजबानी-** 6 फीट 8 इंच लंबे दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज के आने से कोलकाता का पेसर बॉलिंग अटैक मजबूत होगा।

# गंभीर 2 आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय कोच

**● गांगुली बोले-असली परीक्षा 2027 वर्ल्ड कप में होगी, टेस्ट क्रिकेट में पिच का मोह छोड़ना होगा**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने हाल ही में टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतकर अपना दूसरा आईसीसी खिताब हासिल किया। इससे पहले उनकी कोचिंग में टीम इंडिया ने 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती थी। हालांकि पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का कहना है कि गंभीर की असली परीक्षा 2027 के वनडे वर्ल्ड कप में होगी।

● **साउथ अफ्रीका की कंडीशन में होगी असली परीक्षा-** गांगुली ने एक इंटरव्यू में कहा कि 2027 का वर्ल्ड कप साउथ अफ्रीका में खेला जाएगा और वहां की परिस्थितियां टीम और कोच दोनों को चुनौती देंगी। उन्होंने भरोसा जताया कि गंभीर मौजूदा टीम के साथ वहां भी अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में भारत ने फाइनल तक अजेय सफर तय किया था, लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। गंभीर ने 2011 में बतौर खिलाड़ी वर्ल्ड कप जीता था, अब उन पर बतौर कोच भारत को वनडे का विश्व विजेता बनाने का दबाव है।
● **रोहित-विराट के लिए आखिरी मौका हो सकता है 2027 वर्ल्ड कप-** 2027 का वनडे वर्ल्ड कप भारत के दो दिग्गज खिलाड़ियों रोहित शर्मा और विराट कोहली के लिए भी बेहद अहम माना जा रहा है। कयास लगाए जा रहे हैं कि यह इन दोनों दिग्गजों




के करियर का आखिरी वर्ल्ड कप हो सकता है। ऐसे में गंभीर के कंधों पर इन दिग्गजों को एक यादगार विदाई दिलाने की जिम्मेदारी भी होगी।

## टेस्ट क्रिकेट में पिच को लेकर गांगुली की सलाह

गांगुली ने रेड बॉल यानी टेस्ट क्रिकेट में प्रदर्शन सुधारने को लेकर भी गंभीर को खास सलाह दी है। उन्होंने कहा कि गंभीर को पिच के बारे में सोचना कम करना होगा। गांगुली ने कहा, उन्हें विकेट की चिंता अपने दिमाग से निकालनी होगी। इंग्लैंड सीरीज को ही देख लीजिए, वह पिच के बारे में कुछ नहीं कर सके और नतीजे सबके सामने हैं।
**टर्नर्स की जरूरत नहीं-** उन्होंने आगे कहा कि भारत को घरेलू मैदानों पर स्पिन की मददगार (टर्नर्स) पिचों पर खेलने की जरूरत नहीं है। अच्छी पिचें ही अच्छे नतीजे देंगी।

**गंभीर को थोड़ा समय दें, वह बेहतरीन कोच हैं-गांगुली**

सौरव गांगुली ने गंभीर का समर्थन करते हुए कहा कि वह एक बहुत अच्छे कोच हैं। उन्होंने याद दिलाया कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले भी उन्होंने कहा था कि गंभीर को थोड़ा समय देने की जरूरत है। गांगुली के मुताबिक, व्हाइट बॉल कोच के रूप में वह बहुत अच्छे हैं, खासकर भारतीय परिस्थितियों में। उनके पास एक शानदार टीम है। आईपीएल 2026 के सीजन के बाद गंभीर का पूरा ध्यान टेस्ट और वनडे क्रिकेट पर रहेगा।

# टी-20 को नया मॉडल दे रही इंडिया

**● लगातार जीत, कड़े फैसले, प्रयोग, कई मैच विनर, इससे बनी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टी-20 टीम**




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 क्रिकेट का स्वभाव हमेशा से अनिश्चित रहा है। यह वह फॉर्मेट है, जहां एक दिन की खराब बल्लेबाजी या एक ओवर की खराब गेंदबाजी पूरी कहानी बदल सकती है। यही वजह है कि टी-20 में लगातार दबदबा बनाना बेहद मुश्किल माना जाता है। लेकिन पिछले दो वर्षों में भारतीय टीम ने इस धारणा को चुनौती दी है। साल 2024 में भारत ने बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका को हराकर दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप जीता था। उस जीत को कई विशेषज्ञों ने भारतीय टी20 क्रिकेट की नई शुरुआत बताया था। लेकिन असली कहानी दो साल बाद लिखी गई। मार्च 2026 में अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर लगातार दूसरा टी20 वर्ल्ड कप जीत लिया। वर्ल्ड कप बचाने वाला और तीसरी बार ट्रॉफी जीतने वाला भारत पहला देश बना। लेकिन इन दो ट्रॉफियों से भी बड़ी कहानी यह है कि भारत ने पिछले दो वर्षों में टी20 क्रिकेट में एक ऐसा सिस्टम तैयार किया है, जिसमें जीत किसी एक खिलाड़ी या एक मैच पर निर्भर नहीं रहती। यह टीम प्रयोग करती है, हर सीरीज में खिलाड़ियों को बदलती है, रणनीति में बदलाव करती है, लेकिन जीत का पैटर्न नहीं बदलता।

● **लगातार जीत का पैटर्न- दो वर्ल्ड कप के बीच सभी द्विपक्षीय सीरीज जीतीं-** भारत ने सभी 8 सीरीज और एशिया कप भी जीता। भारत ने 2024 टी20 वर्ल्ड कप कोई मैच हारे बिना जीता था। यह लगातार जीत का पैटर्न उस टूर्नामेंट के बाद भी जारी रहा। पिछले वर्ल्ड कप से हाल ही में खत्म हुए वर्ल्ड कप के बीच भारत ने सभी आठों द्विपक्षीय सीरीज जीती। एशिया कप भी अपने नाम किया। इस दौरान टीम इंडिया ने 50 में से 41 टी-20 जीते हैं जबकि सिर्फ 7 हारे हैं। भारत ने ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड जैसी बड़ी टीमों के अलावा जिम्बाब्वे, श्रीलंका, बांग्लादेश जैसी छोटी टीमों को भी द्विपक्षीय सीरीज में धूल चटाई।
● **कड़े और स्मार्ट फैसले- मैनेजमेंट ने 'नाम' के बजाय 'इम्पैक्ट' को चुना-** साल 2024 की जीत के बाद जब रोहित-विराट जैसे दिग्गज हटे, तो लगा कि वैक्यूम पैदा होगा। लेकिन टीम मैनेजमेंट ने 'नाम' के बजाय 'फॉर्म' और 'इम्पैक्ट' को ज्यादा तरजीह दी। कप्तानी के दावेदार माने जा रहे गिल को 2026 वर्ल्ड कप टीम से बाहर रखना दर्शाता है कि टीम अब 'टैक्टिकल फिट' और 'स्ट्राइक रेट' को ज्यादा तवज्जो दे रही है। गिल की जगह सैमसन को लाना व इशान की फॉर्म को स्वीकार करना इसका सबूत है।

# इंडियन विमेंस हॉकी टीम वर्ल्ड कप क्वालिफायर के फाइनल में

**● इटली को 1-0 से हराया, अब खिताब के लिए इंग्लैंड से भिड़ंत**




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप क्वालिफायर 2026 में भारतीय महिला टीम फाइनल में पहुंच गई है। हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी हॉकी ग्राउंड में खेले गए सेमीफाइनल में भारत ने इटली को 1-0 से हराया। मैच का एकमात्र गोल मनीषा चौहान ने 40वें मिनट में किया। फाइनल में भारत का सामना इंग्लैंड से होगा।

● दूसरे क्वार्टर में भारत को मिले 3 पेनल्टी कॉर्नर, पर गोल नहीं हुआ
● दूसरे क्वार्टर में टीम इंडिया ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत की। मेजबान टीम ने मैदान के किनारों का इस्तेमाल करते हुए गेंद को आगे बढ़ाया और इटली के डी में लगातार हमले किए।
● 18वां मिनट में भारत को मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला। नवनीत कौर ने सीधा शॉट लिया, जिसे इटली की गोलकीपर लूसिया इनेस कारुसो ने शानदार तरीके से बचा लिया।

## व्यापार

# वोडाफोन-आईडिया में हिस्सेदारी खरीदना चाहती हैं दिग्गज कंपनियां : रिपोर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दो कंपनियां वोडाफोन आइडिया में हिस्सेदारी खरीदना चाहती हैं। सिंगापुर की कंपनी और जेएसडब्ल्यू ग्रुप इस टेलीकॉम कंपनी का कुछ हिस्सा खरीदना चाहती हैं। इकनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार केंद्र सरकार की तरफ से मिले वित्तीय राहत के निवेशकों की दिलचस्पी वोडाफोन आइडिया में बढ़ी है। बता दें, केंद्र सरकार के पास वोडाफोन आइडिया का सबसे बड़ा हिस्सा है। ईटी की रिपोर्ट के अनुसार यूएस की कंपनी टिलमैन ग्लोबल होल्डिंग्स भी वोडाफोन आइडिया में हिस्सेदारी खरीदने की दौड़ शामिल है। इसके अलावा घरेलू स्तर पर कई अन्य कंपनियों की नजर कंपनी पर है। हालांकि अभी यह पूरा मामला प्रारंभिक दौर में है। बीते महीने खबर आई थी कि सरकार की तरफ से एक रणनीतिक निवेशक की तलाश है।

जो 11 से 13 प्रतिशत हिस्सेदारी के बदले 1 बिलियन डॉलर का इंवेस्टमेंट कंपनी में करे। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के अनुसार कुछ निवेशक कंपनी में हिस्सेदारी खरीदने को लेकर काफी गंभीर हैं। 16 और 17 मार्च को कंपनी सिंगापुर और हॉन्ग-कॉन्ग में इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स से मीटिंग करने जा रही है।

# शेयर बाजार में मचे हाहाकार के बीच एक्मे सोलर होल्डिंग लिमिटेड का शेयर 9 प्रतिशत चढ़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयरों में 9 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिल रही है। इस कंपनी के शेयरों में तेजी के पीछे की वजह राजस्थान से आई एक खबर है। कंपनी ने राजस्थान स्थित बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की कमिशनिंग का ऐलान किया है।
एक्मे सोलर होल्डिंग लिमिटेड शेयरों में 9 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिल रही है। इस कंपनी के शेयरों में तेजी के पीछे की वजह राजस्थान से आई एक खबर है। कंपनी ने राजस्थान स्थित बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की कमिशनिंग का ऐलान किया है। इस खबर से निवेशक स्टॉक खरीदने को इच्छुक दिख रहे हैं।
एक्मे सोलर ने अपने सब्सिडियरी के लिए 142.67 एमडब्ल्यू/ 481.49 एमडब्ल्यूएच मेगावाट की क्षमता के बीईएसएस पहले चरण की कमिशनिंग की जानकारी दी है। बीएसई में एक्मे सोलर होल्डिंग लिमिटेड के शेयर 241.95 रुपये के लेवल पर खुला था। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 9 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ 262.45 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच



गया। बता दें, आज शुक्रवार को शेयर बाजार में एक बार फिर से तेज बिकवाली देखने को मिल रही है। शेयरों की कीमतों में बीते एक साल में 27 प्रतिशत की तेजी आई है। कंपनी का 52 वीक हाई 324.25 रुपये है। कंपनी का 52 वीक लो लेवल 172.90 रुपये है। मार्केट कैप 15473.49 करोड़ रुपये का है। नेट प्रॉफिट दिसंबर तिमाही के दौरान 114 करोड़ रुपये रहा है। अक्टूबर से दिसंबर के दौरान कंपनी का नेट प्रॉफिट 112 करोड़ रुपये रहा था।

# राधाकिशन दमानी ने टाटा ग्रुप की कंपनी के 16 लाख शेयरों को बेच दिया, 1 साल में 22 प्रतिशत लुढ़का शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के चर्चित इन्वेस्टर राधाकिशन दमानी ने बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के 16 लाख शेयरों को बेच दिया है। इन शेयरों की कीमत 52 करोड़ रुपये है। यह बिक्री शुक्रवार को की गई है। शेयरों को ब्लॉक डील के जरिए बेचा गया है। बता दें, राधाकिशन दमानी ( ने 325 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से शेयरों की बिक्री की है। दमानी की तरफ से शेयरों की बिक्री ऐसे समय में की गई है जब स्टॉक मार्केट में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के शेयर संघर्ष कर रहे हैं। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के शेयर बीएसई में 3.13 प्रतिशत की गिरावट के बाद 314.30 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। कल शुक्रवार को दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 308.65 रुपये के स्तर तक चल गया था। इस कंपनी का शेयर स्टॉक मार्केट में संघर्ष कर रहा है। बीते एक महीने में टाटा ग्रुप की इस कंपनी के शेयरों की कीमतों में 17 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं, एक साल में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में 22 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में एक प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। बता दें, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड का 52 वीक हाई 459.67 रुपये है। कंपनी का 52 वीक लो लेवल 308.65 रुपये है। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड का मार्केट कैप 1.15 लाख करोड़ रुपये का है। दो साल में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के शेयरों में 47 प्रतिशत गिरावट आई है।

**बाजार में भूचाल फिर भी 2 दिन में 21 प्रतिशत चढ़ गया एनटीपीसी एनर्जी शेयर**

# 100 रुपये के पार शेयर का दाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईरान वार के चलते घरेलू शेयर मार्केट पिछले कुछ दिन से दबाव में है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सूचकांक सेंसेक्स शुक्रवार को इंट्राडे के दौरान 1400 अंक से ज्यादा टूट गया है। गिरावट की इस आंधी में भी रिन्यूएबल एनर्जी बिजनेस से जुड़ी कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के शेयर इंट्राडे के दौरान 6 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 104.75 रुपये पर पहुंच गए हैं। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी, महारत्न कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड के पूर्ण मालिकाना हक वाली सहायक इकाई है। रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के शेयर दो दिन में 21 पर्सेंट चढ़ गए हैं। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के शेयर 11 मार्च 2026 को 86.60 रुपये



पर थे। कंपनी के शेयर 13 मार्च 2026 को 104.75 रुपये पर जा पहुंचे हैं। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 117.80 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 84.08 रुपये है। सितंबर 2025 तिमाही के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के मुताबिक, कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 89.01 पर्सेंट है, जबकि पब्लिक शेयरहोल्डिंग 10.99 पर्सेंट है। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड का मार्केट कैप शुक्रवार 13 मार्च 2026 को 82000 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है।

● **कंपनी ने दिया खावड़ा-ढ्ढ सोलर पीवी प्रोजेक्ट से जुड़ा अपडेट-** एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने पिछले दिनों एक रेगुलेटरी फाइलिंग के जरिए स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किया है कि गुजरात में स्थित 1200 मेगावॉट खावड़ा-ढ्ढ सोलर पीवी प्रोजेक्ट के 270 मेगावॉट के तीसरे पार्ट कैपेसिटी को कमर्शियल ऑपरेशन के तहत डिक्लेयर कर दिया है। इस प्रोजेक्ट को एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के पूर्ण मालिकाना हक वाली इकाई एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड ने डिवेलप किया है।

# 8वें वेतन आयोग में मिलेगा 18 महीने का बकाया डीए



**नईदिल्ली, एजेंसी।** जनवरी 2020 से जून 2021 तक के दौरान कोरोना महामारी के कारण सरकार ने महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी को रोक दिया था। उस समय सरकार ने आर्थिक दबाव का हवाला देते हुए कर्मचारियों और पेंशनर्स को मिलने वाले डीए और डीआर की तीन किस्तों को रोक दिया था। 8वें वेतन आयोग के गठन के साथ ही अब केंद्रीय कर्मचारी को सिफारिशों का इंतजार है। इस वेतन आयोग की सिफारिशें अगले डेढ़ साल में लागू होंगी। इससे पहले केंद्रीय कर्मचारियों के अलग-अलग संगठन की ओर से तरह-तरह के डिमांड किए जा रहे हैं। ऐसी ही एक डिमांड लंबे समय से लंबित 18 महीने के महंगाई भत्ता एरियर को लेकर है। दरअसल, जनवरी 2020 से जून 2021 तक के दौरान कोरोना महामारी के कारण सरकार ने महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी को रोक दिया था।

## कर्मचारी संगठनों का तर्क

कर्मचारी यूनियनों का तर्क है कि यह राशि कर्मचारियों का अधिकार है और इसे रोका जाना उचित नहीं है। कई संगठनों ने सरकार से मांग की है कि जब 8वां वेतन आयोग लागू किया जाए, उसी समय 18 महीने के एरियर का भी भुगतान कर दिया जाए। उनका कहना है कि इससे कर्मचारियों को आर्थिक राहत मिलेगी और सरकार के प्रति विश्वास भी बढ़ेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)